
दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 299 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर | मंगलवार, 02 सितंबर 2025 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष दशमी संवत् - 2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan





### SCO मेंबर बोले- आतंकियों को सजा देना जरूरी; पुतिन-मोदी की कार में 45 मिनट सीक्रेट बातचीत

# चीन में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के सामने पहलगाम हमले की निंदा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** चीन में SCO समिट के दूसरे दिन भारत को बड़ी सफलता मिली है। यहां पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ भी मौजूदगी में पहलगाम हमले की निंदा की गई। SCO के घोषणा पत्र में कहा गया कि इस हमले के अपराधियों, आयोजकों और उन्हें समर्थन देने वालों को सजा दिलाना जरूरी है। इस साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 26 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। गौरतलब है कि इससे पहले जून में हुई रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान SCO के घोषणापत्र में पहलगाम हमले का जिक्र भी नहीं था। इसे लेकर भारत ने नाराजगी जताई थी। साथ ही इस पर साइन करने से इनकार कर दिया था। वहीं, रूसी राष्ट्रपति पुतिन और पीएम मोदी एक ही कार में बैठकर द्विपक्षीय बातचीत के लिए पहुंचे। इस बैठक में पुतिन की आगामी भारत यात्रा पर चर्चा की गई। कई रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि मीटिंग से पहले दोनों नेताओं ने 45 मिनट तक कार में बैठकर सीक्रेट बातचीत की थी।

SCO समिट में पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने सोमवार को क्षेत्रीय शांति और सहयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सभी SCO सदस्यों और पड़ोसी देशों की संप्रभुता और अखंडता का सम्मान करता है।

शरीफ ने भारत पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले कुछ महीनों में हमारे क्षेत्र में परेशान करने वाली घटनाएं हुई हैं। उन्होंने मई में भारत के सिंधु जल संधि को निलंबित करने के कदम का जिक्र करते हुए कहा कि सभी SCO सदस्यों को द्विपक्षीय संधियों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा, 'पानी के उचित हिस्से तक पहुंच SCO के सुचारू कामकाज को मजबूत करेगी। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान में हाल की बाढ़ और भारी बारिश से हुए नुकसान का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बाढ़ ने भारी तबाही मचाई, जिसमें लोगों की जान, पशुधन, बुनियादी ढांचे और फसलों को नुकसान हुआ। उन्होंने चीन के समर्थन की सराहना की।

शरीफ ने अफगानिस्तान पर कहा कि हमे एक शांत और स्थिर अफगानिस्तान की जरूरत है। उन्होंने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (CPEC) को क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और आर्थिक एकीकरण के लिए महत्वपूर्ण बताया।

#### मोदी-पुतिन ने कार में 1 घंटे गोपनीय बातचीत की

SCO समिट के बाद पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन द्विपक्षीय बातचीत के लिए रवाना हुए। खासबात यह रही कि पुतिन, मोदी को अपनी लग्जरी कार AURUS लिमोजिन में साथ बैठाकर ले गए। रास्ते में दोनों नेताओं के बीच वन-टू-वन बातचीत जारी रही।होटल पहुंचने के बाद भी वे कार से नहीं उतरे और करीब 50 मिनट तक बातचीत करते रहे। रूस के रेडियो चैनल Vesti FM ने यह जानकारी दी। बाद में क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने भी पुष्टि की कि दोनों नेताओं ने कार में लगभग एक घंटे तक बातचीत की।मॉस्को के राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कार में हुई यह चर्चा शायद दोनों नेताओं के बीच सबसे अहम और गोपनीय बातचीत रही, जिसमें ऐसे मुद्दे शामिल थे जिन पर सार्वजनिक रूप से बात नहीं की जानी थी।

#### रूस जल्द भारत में नए निवेश का ऐलान करेगा

रूस के डायरेक्ट इंवेस्टमेंट फंड के CEO दिमित्रिएव के मुताबिक रूस जल्द भारत में नई निवेश परियोजनाओं का ऐलान करेगा।

#### मोदी-पुतिन की बैठक खत्म, 40 मिनट चली

प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच SCO की साइडलाइन में चल रही द्विपक्षीय बैठक खत्म हो गई है। दोनों के बीच करीब 40

---

### अब अभय चौटाला के फार्महाउस में रहेंगे धनखड़



**नई दिल्ली।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पद से इस्तीफा देने के छह हफ्ते बाद, अपने सरकारी आवास से दक्षिणी दिल्ली के छतरपुर इलाके में स्थित एक निजी फार्महाउस में चले गए। छतरपुर के गदाईपुर इलाके में स्थित यह फार्महाउस इनेलो (इंडियन नेशनल लोकदल) नेता अभय चौटाला का है। एक अधिकारी ने बताया कि धनखड़ अंतरिम व्यवस्था के तहत इस निजी फार्महाउस में तब तक रहेंगे, जब तक उन्हें टाइप-8 का सरकारी आवास आवंटित नहीं कर दिया जाता।

### रूस से तेल खरीद में 'ब्राह्मण' कर रहे मुनाफाखोरी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के राष्ट्रपति के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने कहा कि 'ब्राह्मण' भारतीय जनता की कीमत पर मुनाफाखोरी कर रहे हैं और इसे 'रोकने' की जरूरत है। नवारो ने 'फॉक्स न्यूज संडे' से एक साक्षात्कार में कहा, उन्हें समझ नहीं आता कि भारतीय नेता किस तरह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ सहयोग कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने पीएम मोदी को महान नेता भी बताया।

## पंजाब के 1300 से ज्यादा गांवों में बाढ़

### हिमाचल आपदा प्रभावित राज्य घोषित, हरियाणा में 2.50 लाख एकड़ में फसलों को नुकसान

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** उत्तर भारत के हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश से हालात खराब हैं। पंजाब के 9 जिलों में बाढ़ के हालात हैं। अब तक 1312 गांव बाढ़ से प्रभावित हो चुके हैं। भाखड़ा डैम में फ्लड गेट 4-4 फीट तक खोल दिए हैं।

हिमाचल में रविवार से तेज बारिश हो रही है। शिमला के कोटखाई, जुब्बल और जुन्गा में देर रात लैंडस्लाइड से 4 लोगों की मौत हो गई। सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधानसभा में हिमाचल को आपदा प्रभावित राज्य घोषित किया है। चंडीगढ़-मनाली फोरलेन सहित 5 नेशनल हाईवे और करीब 800 सड़कें बंद पड़ी हैं। कुल्लू समेत 10 जिलों में सोमवार को स्कूल-कॉलेज बंद हैं। हरियाणा के 6 जिलों में भी बाढ़ जैसे हालात हैं। सिरसा में एक नहर टूटने से 50 एकड़ में खड़ी फसल पानी में डूब गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में अब तक 2.50 लाख एकड़ में फसलों को नुकसान हुआ है। करीब 40 हजार किसान प्रभावित हुए हैं। सोमवार सुबह हथिनीकुंड बैराज से 29,313 क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जिससे यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। दिल्ली सरकार ने बाढ़ का अलर्ट जारी किया है।

उत्तराखंड में केदारनाथ नेशनल हाईवे पर सोमवार को लैंडस्लाइड के बाद दो यात्रियों की मौत और छह लोग घायल हो गए। रेड और ऑरेंज अलर्ट के बाद चार धाम और हेमकुंड साहिब यात्रा 5 सितंबर तक स्थगित कर दी गई है। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में लैंडस्लाइड के कारण 12 घर टूट गए।

### कई राज्यों में बारिश व भूस्खलन का कहर, गृह मंत्री शाह पहुंचे जम्मू

## बाढ़ पीड़ितों से मिले शाह, राहत एवं पुनर्वास का दिया भरोसा

बढ़ता राजस्थान



देश के पर्वतीय राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश व भूस्खलन के कहर के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को बाढ़ प्रभावित जम्मू का दौरा किया और पीड़ितों से मुलाकात कर उन्हें राहत एवं पुनर्वास मुहैया कराए जाने का आश्वासन दिया। पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री शाह ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से बात की तथा राज्य में बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली। शाह ने राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया से भी बात की। अधिकारियों ने बताया कि गृह मंत्री अमित शाह बाढ़ की स्थिति और राहत कार्यों का आकलन करने के लिए रविवार रात जम्मू पहुंचे थे। शाह सोमवार को बाढ़ की स्थिति का प्रत्यक्ष जायजा लेने के लिए जम्मू हवाई अड्डे के पास स्थित एवं बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित गांवों में से एक मांगूचक गए। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की और उन्हें उचित राहत एवं पुनर्वास मुहैया कराए जाने का आश्वासन दिया। शाह बिक्रम चौक के पास तवी पुल पर रुके और नदी के किनारे हुए नुकसान का निरीक्षण किया।

### मुख्यमंत्री कार्यालय में अतिवृष्टि सहित विभिन्न मुद्दों पर समीक्षा बैठक

## अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में संवेदनशीलता से करें कार्य : सीएम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की 8 करोड़ जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने तथा पारदर्शी एवं जवाबदेही सुशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी अधिकारी-कर्मचारी जनहित से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को संवेदनशीलता और तत्परता के साथ जान-माल के नुकसान पर हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला कलक्टर्स अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थितियों से निपटने के लिए अलर्ट मोड पर कार्य करें। शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में विभिन्न मुद्दों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में नागरिक सुरक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों के साथ ही आमजन के लिए चिकित्सा सेवाएं, खाद्य सामग्री की उपलब्धता सहित आवश्यक सेवाओं पर संबंधित जिला कलक्टर से गहन चर्चा करते हुए दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने घग्गर नदी में पानी की बढ़ती आवक को देखते हुए इस संबंध में हनुमानगढ़ जिला कलक्टर को पंजाब एवं हरियाणा राज्यों से समन्वय बनाते हुए अलर्ट मोड पर कार्य करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि प्रदेश के 21 जिलों में असामान्य तथा 16 जिलों में सामान्य से अधिक वर्षा हुई है। अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त



सार्वजनिक संपत्तियों का रेस्टोरेशन कार्य तेजी से कराया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अतिवृष्टि से प्रभावित कोई भी व्यक्ति सहायता से वंचित नहीं रहे। इस संबंध में उन्होंने अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में 2 सितम्बर से 3 दिवसीय विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए, जिसमें प्रभावितों को नियमानुसार सहायता राशि एवं अन्य राहत सुनिश्चित हो। श्री शर्मा ने जिला कलक्टर्स को फसल खराबे पर गिरदावरी रिपोर्ट शीघ्र भिजवाने के लिए निर्देशित भी किया। मुख्यमंत्री ने जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड आदि राज्यों में अतिवृष्टि और प्राकृतिक आपदा से प्रभावित राजस्थान के नागरिकों को राहत एवं बचाव के संबंध में भी चर्चा कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

#### 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक शहर चलो अभियान

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी निकायों में सफाई व्यवस्था सुधार, नई स्ट्रीट लाइट्स को लगाने, आवारा पशुओं को पकड़ने, शहरी निकायों के लंबित प्रकरणों के निस्तारण, सड़क मरम्मत जैसे जनोपयोगी कार्य सम्पादित करने के लिए राज्य सरकार प्रदेशभर में 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक शहर चलो अभियान संचालित करने जा रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि इस अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन अधिक से अधिक संख्या में लाभान्वित हो।

#### हर पंचायत समिति की 2 ग्राम पंचायतों पर संचालित होगा गांव चलो अभियान-

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार 18 सितंबर से हर पंचायत समिति की दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चलो अभियान चलाएगी। यह अभियान सप्ताह में तीन दिन चलेगा। सरकारी योजनाओं के लिए आवेदन, स्वास्थ्य शिविर, विद्यालय इत्यादि के मरम्मत कार्य, बीज मिनी कीट वितरण आदि कार्य होंगे। साथ ही, प्रदेशभर में 2 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक सहकार सदस्यता अभियान भी संचालित किया जाएगा।

## रायपुर लूणी बांध पर खतरे से खेल रहे लोग



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर शहर से महज कुछ दूरी पर स्थित रायपुर लूणी बांध पर इन दिनों लगभग तीन चादर पानी बह रहा है। तेज धार और बहाव के बीच कई लोग रपट पर खड़े होकर सेल्फी लेने का खतरनाक शौक पूरा कर रहे हैं। यह लापरवाही कभी भी बड़ी त्रासदी का रूप ले सकती है प्रशासन और पुलिस ने स त चेतावनी देते हुए कहा है कि रपट पर जाना जानलेवा हो सकता है। उन्होंने सभी से अपील की है कि रोमांच के चक्कर में अपनी और अपनों की जिंदगी दांव पर न लगाएँ। याद रखें—सेल्फी दो पल की खुशी दे सकती है, लेकिन लापरवाही पूरी जिंदगी छीन सकती है।

## तेजा मेले को लेकर सीएलजी बैठक संपन्न, पुलिस प्रशासन ने किया लैग मार्च



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** तेजा मेले के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर रविवार को पुलिस प्रशासन की ओर से सीएलजी (सिटीजन लायज़निंग ग्रुप) बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेले की व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रबंधों, यातायात नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था एवं भीड़ प्रबंधन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने समाजजन एवं सीएलजी सदस्यों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि मेले के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या असामाजिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बैठक के बाद शहर में पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों ने लैग मार्च निकाला। लैग मार्च शहर के मु य मार्गों से होकर गुजरा, जिसका उद्देश्य आमजन में विश्वास पैदा करना और असामाजिक तत्वों में भय उत्पन्न करना रहा। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने अनुशासित ढंग से कदमताल करते हुए मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का संदेश दिया। लैग मार्च में जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह, डिप्टी राजेश कसाना, सिटी थानाधिकारी विजय सिंह सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। प्रशासन ने आश्वस्त किया कि इस बार तेजा मेला पूरी तरह शांति और सौहार्द्र के साथ स पन्न कराया जाएगा।

## तेली समाज ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** अखिल राजस्थान हिदायतुल कमेटी मुस्लिम तेली समाज ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर एक दिन के लिए शराबबंदी के संबंध में आदेश जारी करवाने के लिए मु यमंत्री भजनलाल के नाम हिंडौन उपखंड अधिकारी हेमराज गुर्जर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि 5 सितंबर को ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर प्रदेश में शांति और सौहार्ट बनाए रखने के लिए एक दिन के लिए शराबबंदी के आदेश जारी करें। पत्र में बताया गया कि हजरत मुह मद साहब न केवल किसी धर्म विशेष बल्कि पूरी दुनिया में एक बहुत बड़े समाज सुधारक के रूप में जाने और माने जाते हैं। मुह मद साहब तत्कालीन समय में प्रचलित बुराइयां जैसे ब्याज खोरी, शराब, कन्या वध आदि को खत्म किया था। इस अवसर पर अखिल राजस्थानी धातु कमेटी मुस्लिम तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष मोह मद निजामुद्दीन, शाह समाज मुस्लिम विकास संस्थान की महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष नाजरीन शाह, यूनुस खान, अशरफ, बुंदू,अनवर खान, जु मा, बबलू आदि उपस्थित रहे।

## आमेर इलाके में तेज बारिश से बही स्कॉर्पियो

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** आमेर थाना इलाके में सोमवार को स्कॉर्पियो कार बरसाती नाले में बह गई। गाड़ी बरसात के तेज पानी में बहते देख स्थानीय लोगों ने कार सवार को तुरंत रेस्क्यू कर बाहर निकाल लिया।जिसके बाद स्थानीय लोगों ने क्रेन की मदद से स्कॉर्पियों गाड़ी को पानी से बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि नाई की थड़ी से जयसिंहपुरा खोर को जोडने वाला एक मात्र मु य मार्ग है। जहां पर थोड़ी सी बरसात में ही पानी का बहाव तेज हो जाता है। जिसमें कई बार हादसे हो चुके है। कई बार प्रशासन को इस नाले के बारे में अवगत भी कराया गया। लेकिन प्रशासन के कानों में कोई जू नहीं रैगी। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है । यदि जल्दी ही कोई ठोस कार्रवाही नहीं की गठ तो वो सडक़ों पर उतर कर आंदोलन करेंगे। मंगलवार स्थानीय लोग निगम मु यालय जाकर कमिश्नर को इस समस्या से अवगत कराएंगे और लंबित कार्यों को पूरा कराने की मांग करेंगे।

### रामदेव मंदिर में भव्य झांकी और विशाल भण्डारे का आयोजन

# सामाजिक समरसता व आस्था का केंद्र बना रामदेव मंदिर

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** क्षेत्र के प्रागपुरा कस्बे में एक्सईन कार्यालय स्थित प्राचीन रामदेव मंदिर अनेक समुदाय के लोगों के लिए सामाजिक समरसता एवं आस्था का केंद्र बना है। इस मंदिर में हिन्दू, मुस्लिम और सिख तीनों धर्मों के लोग बड़ी श्रद्धा से माथा टेककर धोक लगाते हैं। भादवा शुक्ल पक्ष की नवमी के अवसर पर सोमवार को लोक देवता रामसा पीर की भव्य झांकी व विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर रामदेवजी मंदिर महंत रामेश्वर दास व करणदास महाराज के सानिध्य में सुबह श्रद्धालुओं द्वारा तेज बरसात में भी डीजे की धुन पर नाचते गाते और बाबा रामदेव जी के जयकारों के साथ एक सुंदर व भव्य शोभायात्रा कस्बे के मु य मार्गों से निकाली गई। यात्रा कस्बे के अ बेडकर नगर से शुरू हुई



जिसमें लोग पचरंगा ध्वज निशान हाथों में लेकर ख मा घणी के जय जयकारे लगाते हुए कस्बे के प्रमुख रास्तों से भ्रमण कर रामदेव मंदिर पहुंचे। जहां लोक देवता बाबा रामसा पीर के दाल चूरमे का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को पंगत प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में गायक कलाकार हरिराम यादव एण्ड पार्टी व छैला सोनू मारवाड़ी और गायिका सोहनी यादव द्वारा भजनों की प्रस्तुती दी गई और नृत्य कला में माहिर नीमकाथाना की संगीता यादव व डांसर शारदा मीणा, डांसर नीशा सैनी ने राजस्थानी भजनों पर लोक नृत्य कर पांडाल को टालियों की गडग़ड़ाहट से गुंजायमान करवा दिया। उल्लेखनीय है कि रामदेव जी चमत्कारों और आध्यात्मिक शक्तियों के लिए जाने जाते हैं, और उनकी राजस्थान समेत कई राज्यों में पूजा की जाती है। भण्डारे में हजारों की सं या में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर मंदिर कमेटी सदस्यों ने आंगन्तुको का माला पहनाकर स्वागत अभिनन्दन कर, कार्यक्रम समापन पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

## उदयपुर मार्शल आर्ट्स के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (नि.स.)। उदयपुर मार्शल आर्ट्स एकेडमी के खिलाडियों ने हाल ही में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो प्रतिष्ठित कराटे प्रतियोगिताओं में कुल 30 पदक जीतकर शहर का नाम रोशन किया। चित्तौडग़ढ़ में आयोजित मेवाड कराटे लीग प्रतियोगिता में खिलाडियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण, 3 रजत और 3 कांस्य पदक अपने नाम किए। मेवाड़ कराटे लीग में दर्श औदिच्य, जयांश मेनारिया, दिलीप सिंह, हीत वर्मा, कनिष्क पालीवाल ने स्वर्ण पदक,भव्यांशु सिंह, जयल जैन, प्रियांशी कुँवर ने रजत पदक, मुकुंद पटेल, हिमांगी शाह, नेत्रा श्रीमाली ने कांस्य पदक जीते। उदयपुर में आयोजित तृतीय शोतो कप कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 स्वर्ण, 2 रजत और 8 कांस्य पदक अपने नाम किए। शोतो कप के पदक विजेता खिलाडियों में आराध्य चौधरी, ऋषभ मोग, उत्कर्ष मेनारिया, भवयांश मेनारिया, भव्या कुँवर, चित्रांगदा जैन, लक्षिता सालवी, तन्वी पंड्या, प्लाक्षा विश्नोई ने स्वर्ण पदक,लक्ष्य मालविया, हर्ष नागदा ने रजत पदक, सक्षम नागदा, द्विज शर्मा, यानिश जैन, विराट मालविया, दिक्षक अग्निहोत्री, अर्पिता शर्मा, अक्षिता वर्मा, उमा सुथार ने कांस्य पदक अपने नाम किये।

### अग्रवाल महासभा पावटा की कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न

## बलदेव गोयल अध्यक्ष व यतीश बंसल महामंत्री निर्वाचित






बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** अग्रवाल महासभा पावटा कार्यकारिणी के चुनाव रविवार को कस्बे के केशव धर्मशाला में शांतिपूर्ण तरीके से स पन्न हुए। मु य निर्वाचन अधिकारी विमल गर्ग व धर्मेंद्र गोयल, एडवोकेट दीपक गोयल ने बताया कि कुल 700 मतदाताओं ने अपने अधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद पर बलदेव गोयल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भवानी शंकर अग्रवाल को 20 मतों से पराजित किया। भवानी शंकर अग्रवाल को कुल 336 मत मिले, जबकि बलदेव गोयल को 356 मत प्राप्त हुए। महामंत्री प्रत्याशी यतीश बंसल ने 19 मतों से जीत हासिल की। उपाध्यक्ष पंकज गुप्ता और कोषाध्यक्ष अमित पंसारी पूर्व में ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके थे। सभी विजयी प्रत्याशियों को प्रशस्ति पत्र देकर शपथ दिलाई गई। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से स पन्न हुई। नोटा में 1 वोट और 7 वोट खारिज हुए। इस दौरान गोपाल अग्रवाल , राहुल गोयल, पूर्व उपाध्यक्ष अग्रवाल महासभा पावटा नरेन्द्र बंसल,संजय गोयल (लाला), नितेश गुप्ता, विवेक गोयल, सुनील भाकर वाला, सुरेश मंगल(मोटाका), अंकित गर्ग सहित कई लोग मौजूद रहे ।

## भाजपा महिला मोर्चा ने किया कुमावत का स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**रींगस (हनुमान सिंह बुरानियां)।** दांतारामगढ़ भाजपा महिला मोर्चा दांतारामगढ़ अध्यक्ष सुरभि शर्मा के नेतृत्व में सोमवार को दांता के जीण माता बस स्टैंड पर भाजपा नेता गजानंद कुमावत का साफा व माला पहनाकर एवं सालासर बालाजी की तस्वीर भेंट कर महिलाओं ने कुमावत का स्वागत एवं स मान किया।इस दौरान पूर्व जिला परिषद सदस्य ममता सिंह निठारवाल, पंचायत समिति सदस्य सुमन वर्मा ,पूर्व जिला परिषद सदस्य सुरेश शर्मा वैद्य सुरेंद्र शर्मा, अशोक गोटेवाला व पार्टी कार्यकर्ता व मंडल कार्यकारी सदस्य सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## ब्रेक फेल होने से कॉलेज छात्राओं से बस पलटी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** किशनगढ़ के रेनवाल थाना इलाके में सोमवार सुबह कॉलेज की छात्राओं से भरी बस पलट गई। इस हादसे में 6 से अधिक छात्राएं चोटिल हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने ए बुलेंस और निजी वाहनों से घायल छात्राओं को हिंगोनिया अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि रामजीपुरा-खेड़ी सडक़ मार्ग पर सुबह 9 बजे तेज बारिश के कारण सडक़ फिसलन भरी हो गई थी। इस दौरान छात्राओं से भरी बस के ब्रेक अचानक फेल हो गए। जिससे बस अनियंत्रित होकर पलट गई । इस हादसे में 6 से अधिक छात्राओं को चोट आई। जिन्हे नजदीकी हिंगोनिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और सभी ने राहत कार्य शुरु किया। हादसे की जानकारी मिलते ही रेनवाल पुलिस और जोबनेर तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे गए और हालातों का जायजा लिया। हादसे की जानकारी मिलने के बाद छात्राओं के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए और वहां भीड़ जमा हो गई। बताया जा रहा है कि तेज बारिश से रामजीपुरा -खेडी सडक़ मार्ग पर फिसलन हो गई है और इसी बीच बस के ब्रेक फेल हो गए।

## एसपीएसयू कें उदयपुर सिटी ऑफिस के उद्घाटन के साथ ही बीबीए-एलएलबी पाठ्यक्रम का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** सर पदमपत सिंघानिया विश्वविद्यालय (एसपीएसयू), भटेवर ने छात्रों तक अपनी पंहुच को आसान बनाते हुए विश्वविद्यालय ने शहर के मध्य 221 अशोक नगर मेन रोड, माया मिष्ठान के पास अपने नए सिटी ऑफिस के शुभारंभ के साथ ही शिक्षा जगत में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 5 वर्षीय एकीकृत बीबीए-एलएलबी कार्यक्रम की औपचारिक घोषणा की। इस अभिनव पहल ने विश्वविद्यालय को छात्रों, अभिभावकों और उद्योग जगत के बीच और अधिक सुलभ




बना दिया है। सिटी ऑफिस का उद्घाटन विश्वविद्यालय के अध्यक्ष एवं कुलपति डॉ. पृथ्वी यादव ने किया। इस अवसर पर आयोजित पत्रकार वार्ता में डॉ0 यादव ने कहा कि एसपीएसयू का यह नया कदम दक्षिणी राजस्थान के युवाओं के लिए शिक्षा और करियर के अवसरों को नई दिशा प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि यह बीबीए-एलएलबी कार्यक्रम बार काउंसिल ऑफ इंडिया से स्वीकृत है और दक्षिणी राजस्थान का पहला एकीकृत डबल डिग्री कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ऐसे पेशेवर तैयार करना है, जो प्रबंधन और विधि दोनों क्षेत्रों में दक्षता रखते हों और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। डॉ. यादव ने बताया कि नए सिटी ऑफिस को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। इसमें काउंसलिंग स्पेस, जहाँ विद्यार्थी और अभिभावक प्रवेश प्रक्रिया तथा कोर्स से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मीटिंग रूम बनाया गया है जहाँ शैक्षणिक और प्रशासनिक बैठकों का आयोजन किया जाएगा।

**आस्था, संस्कृति और उल्लास का संगम**

# ब्यावर श्री वीर तेजा मेला 2025 धूमधाम से हुआ प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** नगरीय परंपराओं और लोकआस्था का प्रतीक, ब्यावर का ऐतिहासिक वीर तेजा मेला - 2025 सोमवार को पूरे उल्लास और श्रद्धा के वातावरण में प्रारंभ हुआ।

नगर परिषद ब्यावर के तत्वावधान में आयोजित इस मेले का उद्घाटन जिला कलेक्टर एवं नगर परिषद प्रशासक कमल राम मीना ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर आयुक्त दिव्यांश सिंह, मेला संयोजक समिति के सदस्य, पूर्व सभापति नरेश कनोजिया, शशिबाला सोलंकी, पूर्व पार्षदगण सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत तेजा




चौक स्थित वीर तेजा मंदिर में विधिविधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। श्रद्धालुओं ने एक स्वर में जय वीर तेजा के उद्घोष किए और वातावरण भक्तिमय बना। वहीं सुभाष उद्यान के मु य द्वार एवं कंट्रोल रूम में गणेश पूजा व स्थापना कार्यक्रम हुआ, जिसमें स्काउट-गाइड, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी सं या में नगरवासी स मिलित हुए कलेक्टर श्री मीना ने सभी श्रद्धालुओं, आगंतुकों और नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि श्री वीर तेजा मेला हमारी संस्कृति, परंपरा और आस्था का जीवंत प्रतीक है। हमें इसे केवल उत्सव न मानकर अपनी पहचान और विरासत के उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं में सहयोग करें, ताकि यह मेला श्रद्धा, उल्लास और पूर्ण सुरक्षा के साथ गरिमापूर्ण रूप से स पन्न हो। मेले के प्रथम दिन से ही नगरवासियों में उत्साह चरम पर रहा। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने पारंपरिक रंगों से सजे बाजारों और दुकानों में रौनक बढ़ाई। तीन दिन तक चलने वाले इस मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम, धार्मिक आयोजन और व्यापारिक गतिविधियाँ नगर की जीवंत धडक़न बनेंगी।

### राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में पंचकर्म विभाग की 06 दिवसीय सीएमई का शुभारंभ

# देशभर के चिकित्सकों को तकनीकी प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए), जयपुर के पंचकर्म विभाग में सोमवार को 06 दिवसीय सतत् चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो.संजीव शर्मा ने की।

कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने कहा कि इस सीएमई का उद्देश्य आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों के पंचकर्म विषयक ज्ञान एवं कौशल को सुदृढ़ करना है, ताकि वे अपने क्लीनिकल अभ्यास में अधिक प्रभावी ढंग से रोगियों का उपचार कर सकें।



पंचकर्म विभागाध्यक्ष प्रो. गोपेश मंगल ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें देशभर से आए पंचकर्म चिकित्सकों को विभिन्न रोगों में पंचकर्म चिकित्सा की जानकारी दी जाएगी। साथ ही यह भी सिखाया जाएगा कि औषधालय स्तर पर भी पंचकर्म सेटअप कैसे लगाया जा सकता है और रोगियों को किस प्रकार लाभ दिया जा सकता है। इस दौरान प्रैक्टिकल सत्रों में विशेषज्ञ तकनीकी जानकारी साझा करेंगे।

सोमवार को आयोजित विभिन्न सत्रों में देशभर के पंचकर्म विशेषज्ञों ने पंचकर्म चिकित्सा की जानकारी दी।

प्रो. यू.एस. निगम ने पंचकर्म की परिभाषा, प्रासंगिकता एवं वर्तमान युग में आवश्यकता विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से बाह्य स्नेह चिकित्सा, बाह्य बस्ती, शिरोधारा और पिझिचिल की चिकित्सीय उपयोगिता पर जानकारी देने के साथ प्रैक्टिकल भी करके दिखाया।

डॉ. जितेन्द्र सामल ने आभ्यंतर स्नेह विषय पर व्याख्यान दिया। इसमें अच्छ स्नेह एवं विचरण स्नेह की मात्रा, अवधि, औषधि चयन, अनुपान एवं आहार संबंधी नियमों की जानकारी दी गई। उन्होंने स्नेहपान की मात्रा का मानकीकरण, कोष्ठ परीक्षा, संकेत एवं प्रतिषेध पर भी विस्तार से चर्चा की।

06 दिवसीय सीएमई कार्यक्रम के दौरान देशभर से आए पंचकर्म विशेषज्ञ चिकित्सक विभिन्न तकनीकी पहलुओं और रोग उपचार में पंचकर्म की उपयोगिता पर जानकारी एवं प्रशिक्षण देंगे।

## कृष्णा डांस एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** विजयवर्गीय स्पोर्ट्स एसोसिएशन संस्थान द्वारा आयोजित कृष्णा डांस प्रतियोगिता एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का परिणाम कल देर रात घोषित कर दिया गया। इस सांस्कृतिक आयोजन में बच्चों ने भक्ति और रचनात्मकता का अद्भुत प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल एवं विभिन्न सहायक पैनलों ने निष्पक्षता के साथ विजेताओं का चयन किया।



### फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता (ग्रुप/राधा)

प्रथम स्थान-हर्दिया विजय (क्ध्व कृतेष कुमार-गीतांजलि विजय, मानसरोवर जयपुर)द्वितीय स्थान -ऋषिका विजय (क्ध्व सौरभ एवं रीमा विजय, जगतपुरा जयपुर) तृतीय स्थान - गोरविका कोठारी (क्ध्व अमन एवं शालू कोठारी)

### फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता (ग्रुप-कृष्णा)

प्रथम स्थान-प्रिशा विजय ( हिमांशु और राशि विजय, बिजोलिया)

द्वितीय स्थान-वंश विजय ( हर्ष एवं आंचल विजय, हैदराबाद)

तृतीय स्थान-प्रीक्षा विजय ( दीपक और गीतांजलि विजय, उदयपुर)

### कृष्णा डांस प्रतियोगिता

प्रथम स्थान-प्रिशा विजयवर्गीय ( हिमांशु और राशि विजय, बिजोलिया)

द्वितीय स्थान-अवंतिका विजय ( हिमांशु और पूजा विजय, नई दिल्ली)

तृतीय स्थान-प्रिशा विजय (दीपक और गीतांजलि विजय, उदयपुर)

### निर्णायक मंडल

अंकिता विजय, आशा विजयवर्गीय, पुष्पांजलि विजयवर्गीय, श्रीमती इंदिरा विजयवर्गीय, भावना विजयवर्गीय, संगीता विजयवर्गीय।

शॉर्टलिस्ट टीम, सुरेंद्र विजयवर्गीय, प्रयाग पीपलू, नरेंद्र विजयवर्गीय, मनोज ताल चिड़ी राकेश , पंकज विजयवर्गीय, बनवारी सीताराम पीपलू दिनेश निमेड़ा अवनीश अलवर पीयूष विजयवर्गीय, सीताराम विजयवर्गीय।

## पीएम के मन की बात कार्यक्रम को डॉ. ओपी टांक की अध्यक्षता में सुना



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का 125वें संस्करण को यहां कठपुतली नगर कच्ची बस्तीवासियों ने सामूहिक रूप से सुना। इस मौक पर विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. ओपी टांक की ओर से इस सामूहिक कार्यक्रम को सुनने का प्रबंध किया गया। इस दौरान मालवीय नगर विधानसभा के वार्ड 147 के बूथ कार्यकर्ता भी शामिल रहे।

कार्यक्रम कठपुतली नगर विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. ओपी टांक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, महामंत्री गजानंद खींची, पार्षद प्रत्याशी हेमराज खींची, विशाल, दीपक कुमार, विनोद भट, शुभम खोड़ा, सुनील मंडल, रोशन मंडल, विकास, अवधेश, कार्तिक, वंश, सुधांशु, अरुण, गोगलिया, रवि, राहुल, विकास, पवन, विक्रम सिंह, सोनू, विजय, गोकुल, वैभव सहित महिला कार्यकर्ता भी उपस्थित रहीं।

## सेवा भारती ने प्रतिभावान छात्रों के शैक्षिक उन्नयन के लिए फ्री कक्षाओं का किया शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** सेवा भारती समिति द्वारा स्थानीय केशव नगर में प्रतिभावान छात्रों के शैक्षिक उन्नयन के लिए निशुल्क शिक्षण केंद्र का नरसिंह लाल वर्मा एवं रतन बींवाल ने दीप प्रज्वलकर उद्घाटन किया। प्रांत संगठन मंत्री द्वारिका प्रसाद में बताया कि सेवा भारती समिति शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन एवं सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाली अखिल भारतीय संस्था है। संपूर्ण प्रांत में चलने वाले प्रकल्पों का उद्देश्य सामाजिक समरसता एवं संस्कार युक्त शिक्षण है।



जिला मंत्री धर्मेन्द्र शर्मा पुरुषोत्तम ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि कक्षा आठवी एवं दसवीं के प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए गणित ,अंग्रेजी एवं विज्ञान के विषय विशेषज्ञों द्वारा निशुल्क शिक्षण कार्य करवाया जाएगा। संकल्प प्रभारी शिक्षाविद कैलाश चंद्र वर्मा ने प्रतिदिन अपरान्ह 4 से 6 बजे तक बालिका आदर्श विद्या मंदिर, केशव नगर में कक्षाएं आयोजित करने की बात कही।

नगर मंत्री शंकर जिंदल ने सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का अवलोकन करवाया ।जिला अध्यक्ष नंदकिशोर कूलवाल ने आगंतुकों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन किया।

कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष अशोक सोनी, उपाध्यक्ष शंकर लाल सैनी, प्रहलाद टेलर, सुरेश बींवाल, कोषाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, बनवारी लाल गरेड, अवधेश शर्मा, रमेश कुमावत, अंजू मोहनपुरिया, मुकेश कुमावत सहित मातृशक्ति एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## किसानों को जल भराव रोकने व खेतों में पानी का निकास सुनिश्चित करने की अपील

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** किसानों से जल भराव रोकने व खेतों में पानी का निकास सुनिश्चित करने की अपील की गई हैं। सहायक निदेशक कृषि विभाग रामजीलाल यादव ने बताया कि जिले में खरीफ के दौरान लगभग 1,26,000 हैक्टर में बाजरा, 1,500 हैक्टर में ग्वार, 1,545 हैक्टर में कपास तथा 6,600 हैक्टर में सब्जियों की बुवाई हुई है। इस वर्ष फसलों की स्थिति सामान्यतः अच्छी है। कुछ क्षेत्रों में बाजरे की अगेती बुवाई होने से फसल पकने के कगार पर है। सहायक निदेशक ने बताया कि लम्बे समय से हो रही वर्षा के कारण खेतों में जल भराव की समस्या उत्पन्न हो रही हैं, जिससे दानों की गुणवत्ता प्रभावित होने की संभावना है। अतः किसानों को सलाह दी जाती है कि खेतों में पानी का निकास सुनिश्चित करें। मौसम साफ होने पर ही बाजरे की कटाई करें। यदि वर्षा जारी रहती है तो खड़ी फसल से सिट्टों की तुड़ाई कर लें और बाद में मौसम खुलने पर चारे की कटाई करें।

## ज़िला कलक्टर की साप्ताहिक समीक्षा बैठक

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में सोमवार को एक साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई, जिसमें मौसमी बीमारियों की रोकथाम, आगामी अभियानों की तैयारियों, फ्लैगशिप योजनाओं और साफ़-सफ़ाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया। बैठक के प्रमुख निर्देश और चर्चाएँ इस प्रकार रहीं स्वास्थ्य और मौसमी बीमारियाँ कलक्टर ने चिकित्सा विभाग को मानसून के दौरान मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए ।सीएमएचओ और नगर परिषद आयुक्त को पानी भरे स्थानों की पहचान करके वहाँ एंटी-लार्वा गतिविधियां, दवा का छिडक़ाव और फॉगिंग करने को कहा गया, ताकि मच्छर-जनित बीमारियों को रोका जा सके। मरीज़ों के लिए पर्याप्त दवाएँ और अन्य ज़रूरी सुविधाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। विकास कार्य और सरकारी योजनाएँ बजट घोषणाओं, फ्लैगशिप योजनाओं और विकास कार्यों की विभाग-वार समीक्षा की गई ।कलक्टर ने विभागों को योजनाओं की प्रगति पर लगातार नजर रखने और ज़्यादा से ज़्यादा पात्र लोगों तक उनका लाभ पहुँचाने के लिए प्रयास तेज़ करने को कहा ।स्वच्छ भारत मिशन, स्वनिधि योजना और राइजिंग राजस्थान जैसी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।



### स्काउटिंग के विकास को नई दिशा देने हेतु कोटपूतली में कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

## वार्षिक अधिवेशन और राज्य स्तरीय शिविरों पर हुआ मंथन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ की कार्यकारिणी बैठक हंस इंटरनेशनल स्कूल कोटपूतली के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता स्थानीय संघ के प्रधान मनोज चौधरी ने की। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान एवं आजीवन सदस्य अशोक बंसल, उप प्रधान प्रभा अग्रवाल, अतिथि के रूप में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हिम्मत कौर पंवार, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पूरण चन्द कसाना और दयाराम चोरडिया रहे ।बैठक में स्थानीय संघ की नई कार्यकारिणी गठित करने, वार्षिक अधिवेशन आयोजित करने अक्टूबर में आयोजित करने,, राज्य पुरस्कार प्रशिक्षण शिविर महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय मोहनपुरा में , द्वितीय एवं तृतीय सोपान शिविर कोटपूतली के छः स्थानों पर करने, स्थानीय संघ हेतु कार्यालय उपलब्ध करवाने तथा नए आजीवन सदस्यों को जोड़े जाने जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। आगामी वार्षिक अधिवेशन गैलेक्सी इंटरनेशनल स्कूल गोवर्धनपुरा में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में नए आजीवन सदस्यों के रूप में सुनीता भूषण (प्रधानाचार्य) और पत्रकार महेश चंद्र सैनी के नाम प्रस्तावित किए गए। बैठक के दौरान पूर्व प्रधान अशोक बंसल ने कहा कि स्काउटिंग अनुशासन और सेवा का पर्याय है, हमें युवाओं को इस दिशा में अधिक से अधिक जोडऩा होगा ।उप प्रधान प्रभा अग्रवाल ने कहा कि स्काउटिंग से बच्चों में नेतृत्व क्षमता और समाजसेवा की भावना विकसित होती है, इसलिए शिविरों की संख्या बढ़ाना जरूरी है।



**कार्यालय, उप वन संरक्षक (वन्यजीव) चिड़ियाघर, जयपुर**

क्रमांक : उवस/जू/स्टोर/2025-26/17347369 दिनांक : 23-08-2025

**खुली बोली दर संविदा आमंत्रण सूचना 17/2025-26**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस कार्यालय के अधीन क्षैत्रीय वन अधिकारी जयपुर प्रादेशिक में Biodiversity Forest Goner में Plants क्रय हेतु अधिकृत फर्मों / अनुभवी फर्मों से दर संविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता दिनांक 25-08-2025 को 1.00 PM निविदा फार्म इस कार्यालय से प्राप्त कर दिनांक 03-09-2025 को 3.00 PM बजे तक जमा करा सकते हैं। प्राप्त निविदाएं उपस्थित निविदाओं के समय उसी दिन 3.30 PM बजे खोली जावेगी।

| क्र.सं. | Specification | अनुमानित राशि | निविदा शुल्क | अमानत राशि | सुपुर्दगी की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | क्षैत्रीय वन अधिकारी जयपुर प्रादेशिक Biodiversity Forest Goner में Plants क्रय हेतु दर संविदा (संलग्न जी-शिड्यूल के अनुसार) | 6,00,000/- | 500/- | 12,000/- | 20 दिवस |

निविदा फार्म वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in पर अपलोड किया जा सकता है। परन्तु निविदा शुल्क का डीडी संलग्न करना अनिवार्य है।

UBN : FOR2526SSOB01493

उप वन संरक्षक वन्यजीव
चिड़ियाघर, जयपुर

Dipr/c/12562/2025

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड मालपुरा**

क्रमांक : 973 दिनांक : 22-08-2025

**निविदा सूचना संख्या 16/2025-26 खण्ड मालपुरा**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड मालपुरा में भवन निर्माण कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूरसंचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के 'एए', 'ए', 'बी' एवं 'सी' श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी।

निविदा से संबंधित विवरण वेबसाइट www.dipronline.org व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| NIB Code | PWD2526A2828 |
|---|---|
| 1. | PWD2526WSOB10524 |
| 2. | PWD2526WSOB10527 |
| 3. | PWD2526WSOB10530 |
| 4. | PWD2526WSOB10531 |
| 5. | PWD2526WSOB10533 |
| 6. | PWD2526WSOB10535 |

अधिशाषी अभियन्ता,
सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड मालपुरा

Dipr/c/12453/2025

**कार्यालय, नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा (कोटपूतली-बहरोड़)**

नवोदय स्कूल के पास, पावटा-303106 ( राजस्थान )

फोन : 01421-294619 E-mail : nagarpalikapaotapragpura@gmail.com

क्रमांक : न.पा.पाव.प्रा./2025-26/भूमि/674 दिनांक : 01-09-2025


**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

निम्न आवेदकों ने नगरपालिका कार्यालय में 69-क आवासीय / मिश्रित पट्टा पत्रावली प्रस्तुत की है। उक्त पत्रावलियों में किसी को कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में नगरपालिका कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा पत्रावली में अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्रफल (वर्गमीटर) | भूखण्ड के पड़ोस की सीमाओं का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | उत्तर | पूर्व | दक्षिण | पश्चिम |
| 1. | श्रीमती मंजू अग्रवाल पत्नी श्री गोपाल अग्रवाल निवासी पावटा | 1779, पावटा | 171.35 | आम रास्ता | 9.0 आम रास्ता | बसंती लाल यादव का मकान | गली बाद मदनदास महाराज का मकान |
| 2. | श्री मनोज कुमार अग्रवाल पुत्र श्री दौलतराम अग्रवाल निवासी पावटा | 1284, प्रागपुरा | 339.97 | अन्य की भूमि | एन.एच. 48 | अन्य की भूमि | आम रास्ता |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा

## शख्सियत



**विजय कुमार सारस्वत (विद्वान राजपुरोहित)**

आज की शख्सियत कॉलम में इस बार हम प्रस्तुत कर रहे हैं एक ऐसे विद्वान ब्राह्मण, चिंतक और विचारक विजय कुमार सारस्वत (विद्वान राजपुरोहित) को, जिन्होंने शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

20 अगस्त 1966 को अलवर के एक प्रतिष्ठित सारस्वत ब्राह्मण परिवार में जन्मे श्री सारस्वत का बचपन से ही धार्मिक व शैक्षणिक माहौल से गहरा जुड़ाव रहा। इन्होंने हिंदी और अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर तथा शिक्षा में स्नातक (बी.एड.) की उपाधि प्राप्त की। अध्ययन के दौरान विभिन्न हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में वक्ता के रूप में भाग लेकर कला महाविद्यालय, अलवर का प्रतिनिधित्व राजस्थान के अधिकांश कॉलेजों में किया।

श्री सारस्वत का परिवार सन 1815 में अलवर के द्वितीय राजा बख्तावर सिंह जी द्वारा निर्मित बख्तेश्वर महादेव मंदिर से जुड़ा है। वे मंदिर के प्रथम पुजारी पंडित रामदेव जी सारस्वत की सातवीं पीढ़ी के रूप में जन्मे और भगवान की पूजा-सेवा का सौभाग्य प्राप्त कर रहे हैं। मंदिर में भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान गणेश व कार्तिकेय राजसी स्वरूप में विराजमान हैं। साथ ही भगवान शिव का वाहन नंदी, माता पार्वती का वाहन सिंह, गणेश जी का वाहन मूषक और कार्तिकेय जी का वाहन मयूर की आकर्षक प्रतिमाएं भी स्थित हैं। मंदिर में रामायणी हनुमान जी महाराज की प्रतिमा भी प्रतिष्ठित है।

बचपन से ही दादाजी पंडित अमरनाथ जी सारस्वत और पिता नत्थीलाल जी सारस्वत (संस्कृत शिक्षक) से प्रेरित होकर श्री सारस्वत ने शिक्षक बनने का निश्चय किया। बीते 35 वर्षों से वे अध्ययन-अध्यापन के क्षेत्र में कार्यरत हैं। जुलाई 1997 से वे बाल भारती विद्यालय में कक्षा 10, 11 और 12 के विद्यार्थियों को हिंदी विषय का अध्यापन कर रहे हैं।

कुछ वर्ष पूर्व अलवर के श्रेष्ठ संस्कृतज्ञ विद्वानों के साथ मिलकर उन्होंने वैदिक ब्राह्मण संघ की स्थापना की, जिसके माध्यम से वे वेदों की मूल परंपरा के अनुरूप वैदिक श्लोकों के प्रचार-प्रसार, वैदिक संस्कृति व संस्कारों की रक्षा और चरित्र निर्माण के कार्य में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

श्री विजय कुमार सारस्वत एक गंभीर चिंतक,w विचारक और सामाजिक व्यक्तित्व के रूप में निरंतर समाज को दिशा दे रहे हैं।

टीम बढ़ता राजस्थान उनके उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं देती है।

**रूपक शर्मा**

# पंजाब में बाढ़ आखिर क्यों क्या प्रकृति रुष्ट है?



- डॉ प्रियंका सौरभ



**पंजाब में बाढ़ को केवल प्राकृतिक आपदा कहना सही नहीं होगा। नदियों का स्वरूप, असामान्य बारिश और जलवायु परिवर्तन तो कारण हैं ही, लेकिन असली दोषी अनियोजित निर्माण, अवैध खनन, ड्रेनेज की उपेक्षा और धान-प्रधान कृषि पद्धति भी है। प्रकृति चेतावनी देती है, रुष्ट नहीं होती। यदि हम नदियों को उनका मार्ग दें, जल का विवेकपूर्ण उपयोग करें और फसल विविधिकरण अपनाएँ, तो बाढ़ की मार को कम किया जा सकता है। पंजाब को चाहिए कि वह पर्यावरण के साथ संतुलन बनाकर विकास की नई राह तय करे।**

पंजाब, जिसे देश की अन्नदाता भूमि कहा जाता है, आज बाढ़ की विभीषिका से बार-बार जूझ रहा है। खेत जलमग्न हो जाते हैं, गाँव डूब जाते हैं, सडकें और मकान ढह जाते हैं। हर बार यह सवाल उठता है कि आखिर पंजाब में बाढ़ क्यों आती है? क्या यह केवल प्रकृति की रुष्टता है या फिर इसके पीछे कहीं न कहीं हमारी अपनी भूलें भी जिम्मेदार हैं? सच यह है कि प्रकृति कभी किसी से नाराज़ नहीं होती, वह केवल अपने नियमों और संतुलन के आधार पर काम करती है। जब हम इंसान उसकी मर्यादाओं को लांघते हैं, तो परिणाम हमें बाढ़, सूखा, प्रदूषण और आपदा के रूप में भुगतने पड़ते हैं।

पंजाब की धरती पाँच नदियों की भूमि कहलाती है। सतलुज, ब्यास, रावी, चिनाब और झेलम ने इस राज्य की पहचान बनाई। इनमें से अधिकांश नदियाँ हिमालय से निकलती हैं और मानसून के मौसम में बफर्. पिघलने व वर्षा के कारण जलस्तर अचानक बढ़ा देती हैं। नदियों की धाराएँ तेज़ होती हैं और जब वे मैदानों में प्रवेश करती हैं तो पानी फैलकर बाढ़ का रूप ले लेता है। भाखड़ा, पोंग और रणजीत सागर जैसे बड़े बांध भले ही बाढ़ नियंत्रण और सिंचाई के लिए बने हों, लेकिन जब इनसे अचानक पानी छोड़ा जाता है तो आसपास के इलाके जलमग्न हो जाते हैं। यह प्राकृतिक कारणों के साथ-साथ प्रबंधन की कमी को भी उजागर करता है।

पिछले कुछ वर्षों में मानसून का पैटर्न काफी बदल गया है। पहले जहाँ बरसात धीरे-धीरे और लंबे समय तक होती थी, अब अचानक भारी वर्षा कम समय में हो जाती है। इससे नदियों और नालों में पानी का दबाव तेजी से बढ़ता है और फ्लैश फ्लड जैसी स्थिति पैदा हो जाती है। जलवायु वैज्ञानिक मानते हैं कि ग्रीनहाउस गैसों का बढना और ग्लोबल वार्मिंग इसका बड़ा कारण है। इससे हिमालयी ग्लेशियर तेज़ी से पिघल रहे हैं। परिणामस्वरूप गर्मियों और बरसात के मौसम में नदियों का जलस्तर अनियंत्रित ढंग से बढ़ जाता है।

प्राकृतिक बाढ़ को विनाशकारी बनाने में सबसे बड़ी भूमिका इंसानी हस्तक्षेप की है। नदियों के किनारों और तलहटी में अंधाधुंध निर्माण कार्य हुए। गाँव और शहर नालों व पुरानी जलधाराओं पर बस गए। रेत और बजरी का अत्यधिक खनन नदियों की गहराई और धार बदल देता है। जब पानी का मार्ग रुकता है तो वह आसपास की बस्तियों में घुस आता है। पंजाब में ड्रेन और नहरों का जाल तो है लेकिन अधिकांश जगह इनकी सफाई व मरम्मत समय पर नहीं होती। नतीजतन बारिश का पानी निकलने की जगह वापस गाँव-शहरों में भर जाता है। इसके साथ ही धान जैसी फसलों ने भूजल का अत्यधिक दोहन किया। मिट्टी की जलधारण क्षमता कम हुई और प्राकृतिक जलसंचयन तंत्र टूट गया।

पंजाब हरित क्रांति का केंद्र रहा। यहाँ गेहूँ और चावल की खेती ने देश को अन्न सुरक्षा दी, लेकिन इसके दुष्परिणाम भी सामने आए। धान की फसल पानी की अत्यधिक मांग करती है। हर साल लाखों ट्यूबवेल से भूजल निकाला गया। इससे भूमिगत जलस्रोत तेजी से सूख गए। जब ऊपर से भारी बारिश या बाढ़ आई तो जमीन उसे सोख नहीं पाई और जलभराव की समस्या बढ़ गई। वनों की कटाई और हरित क्षेत्र के सिकुडने से भी प्राकृतिक संतुलन बिगड़ा। नदियों के किनारे पेड़ों की जड़ें पानी को रोकती और मिट्टी को बांधती थीं, लेकिन अब कटान तेज़ हो गया है।

पंजाब में बाढ़ केवल प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि सामाजिक-आर्थिक संकट भी है। हजारों एकड़ फसलें बर्बाद हो जाती हैं। किसान कजर्. में डूब जाते हैं। ग्रामीण आबादी बेघर हो जाती है और पलायन के लिए मजबूर होती है। सडक़ों, पुलों और बिजली के ढांचे को भारी क्षति पहुँचती है। बीमारियों का प्रकोप फैलता है, खासकर डायरिया, मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियाँ। मानसिक आघात से समाज में असुरक्षा और हताशा की भावना पनपती है।

वास्तव में प्रकृति का कोई भाव नहीं होता। वह केवल संतुलन चाहती है। जब हम उसकी मर्यादाओं का उल्लंघन करते हैं, तब वह चेतावनी के रूप में बाढ़, सूखा या आपदा के रूप में सामने आती है। इसलिए यह कहना कि प्रकृति नाराज़ है, सही नहीं है। सच तो यह है कि इंसान ने प्रकृति को नाराज़ करने लायक हालात पैदा कर दिए हैं।

समाधान स्पष्ट हैं। नदियों के किनारे बाढ़ क्षेत्र को चिन्हित कर वहाँ निर्माण पूरी तरह प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। पुराने नालों और ड्रेनों की नियमित सफाई व चौड़ाई बढ़ाई जानी चाहिए। अवैध खनन पर सख्ती से रोक लगनी चाहिए ताकि नदियाँ अपने प्राकृतिक स्वरूप में बह सकें। धान के स्थान पर मक्के, दालों और सब्जियों की खेती को बढ़ावा दिया जाए, जिससे पानी की खपत कम होगी और भूजल का स्तर सुधरेगा। राज्य और केंद्र सरकार को मिलकर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए दीर्घकालिक योजना बनानी होगी। साथ ही स्थानीय लोगों को बाढ़ से बचाव और प्रबंधन के लिए प्रशिक्षित करना भी आवश्यक है।

पंजाब में बाढ़ का संकट केवल प्राकृतिक कारणों से नहीं है। यह हमारी विकास नीतियों की असंतुलित दिशा का परिणाम है। यदि हमने अभी भी सबक नहीं लिया तो आने वाले वर्षों में बाढ़ और भयावह हो सकती है। प्रकृति हमें बार-बार चेतावनी दे रही है कि उसके साथ छेड़छाड़ मत करो। हमें याद रखना होगा कि प्रकृति से लड़ाई नहीं, बल्कि उसके साथ तालमेल ही स्थायी समाधान है। पंजाब में बाढ़ केवल आपदा नहीं, बल्कि हमारी नीतियों, आदतों और प्राथमिकताओं की परीक्षा है।

# श्राद्ध और ग्रहण का संयोग धार्मिक दृष्टि से रहेगा विशेष महत्व



**ताराचंद शास्त्री**

इस वर्ष श्राद्ध पक्ष की शुरुआत खास खगोलीय घटनाओं के साथ होने जा रही है। 7 सितंबर, 2025 को भाद्रपद मास की शुक्ल पूर्णिमा के दिन साल का दूसरा चंद्र ग्रहण लगेगा। यह पूर्ण चंद्र ग्रहण भारत सहित एशिया, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका और उत्तरी-दक्षिणी अमरीका के कई हिस्सों में दिखाई देगा। भारत में यह दृष्टिगोचर होगा, इसलिए इसका सूतक काल मान्य रहेगा। गौरतलब है कि पहला चन्द्रग्रहण 13 और 14 मार्च की मध्य रात्रि को लगा था।


ज्योतिषाचार्य ताराचंद शास्त्री ने बताया कि 7 अगस्त को चंद्र ग्रहण रात्रि 9.57 बजे प्रारंभ होकर रात 1.26 बजे तक चलेगा। उपच्छाया प्रवेश रात्रि 8.57 पर होगा। इसका सूतक काल दोपहर 12.57 बजे से ही आरंभ हो जाएगा, जो ग्रहण की समाप्ति तक प्रभावी रहेगा। सूतक काल में पूजा-पाठ व शुभ कार्य वर्जित रहेंगे। चंद्र ग्रहण के बाद 21 सितंबर, 2025 को सूर्य ग्रहण होगा। यह आंशिक सूर्य ग्रहण होगा, जो न्यूजीलैंड, पैसिफिक क्षेत्र और अंटार्कटिका में दिखाई देगा। भारत में यह दृष्टिगोचर नहीं होगा, इसलिए इसका सूतक काल मान्य नहीं रहेगा।

## श्राद्ध पक्ष की शुरुआत

7 सितंबर को पूर्णिमा का श्राद्ध होगा और इसी दिन पितृ पक्ष का आरंभ भी हो जाएगा। पितृ पक्ष 21 सितंबर तक चलेगा। चंद्र ग्रहण के कारण श्राद्ध और ग्रहण का संयोग एक साथ होने से इसका धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्व रहेगा।

## ग्रहण का ज्योतिषीय महत्व

यह ग्रहण कुंभ राशि और पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में लगेगा। राहु-केतु और सूर्य-बुध की युति से यह ग्रहण विशेष योग बना रहा है। ज्योतिषाचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री के अनुसार कुंभ राशि और पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र के जातकों को सावधानी बरतनी चाहिए।



सितंबर 2025 में साल का दूसरा और आखिरी चंद्र ग्रहण लगने वाला है। खास बात यह है कि यह ग्रहण भारत में दिखाई देगा और इसलिए इसका सूतक काल भी मान्य होगा। यह एक पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा, जो कुंभ राशि और पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में घटित होगा। खगोलविदों ने इसे ब्लड मून नाम दिया है, क्योंकि ग्रहण के दौरान चंद्रमा लाल रंग का दिखाई देगा।

## चंद्र ग्रहण की तारीख और समय

इस चंद्र ग्रहण को लेकर लोगों में काफ़ी भ्रम है, लेकिन पंचांग के अनुसार सही तिथि 7 सितंबर 2025 है। ग्रहण रात 9 बजकर 58 मिनट से शुरू होगा और देर रात 1 बजकर 26 मिनट पर समाप्त होगा। यानी इसकी कुल अवधि लगभग 3 घंटे 28 मिनट रहेगा।

## सूतक काल कब से शुरू होगा?

क्योंकि यह ग्रहण भारत में दिखाई देगा, इसलिए इसका सूतक काल भी मान्य होगा। शास्त्रों के अनुसार, चंद्र ग्रहण का सूतक काल ग्रहण से 9 घंटे पहले शुरू हो जाता है। इस हिसाब से सूतक काल दोपहर 12 बजकर 57 मिनट से ही प्रारंभ हो जाएगा।

## कहां-कहां दिखेगा चंद्र ग्रहण

यह चंद्र ग्रहण न केवल भारत में बल्कि एशिया, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, अमेरिका, फिजी और अंटार्कटिका के कुछ हिस्सों में भी देखा जा सकेगा।

## चंद्र ग्रहण और सूतक काल में क्या न करें?

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सूतक काल और चंद्र ग्रहण के दौरान मंदिरों के कपाट बंद कर दिए जाते हैं। इस समय पूजा-पाठ, हवन या किसी भी धार्मिक अनुष्ठान से परहेज करना चाहिए। गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी रखनी चाहिए। गर्भवती महिलाओं को घर से बाहर न निकलने, नुकीले औजारों के प्रयोग और भोजन बनाने से बचने की सलाह दी जाती है।

## पितृपक्ष की शुरुआत और ग्रहण

यह चंद्र ग्रहण भाद्रपद मास की पूर्णिमा पर लग रहा है। इसी दिन से पितृपक्ष की शुरुआत भी होती है। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि पूर्णिमा श्राद्ध और पितृकर्म सूतक काल शुरू होने से पहले ही कर लेना चाहिए।

## चंद्र ग्रहण क्यों लगता है?

खगोल विज्ञान के अनुसार, जब पृथ्वी सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है, तो सूर्य की रोशनी चंद्रमा तक नहीं पहुंच पाती। इस कारण चंद्रमा पर पृथ्वी की छाया पड़ती है और चंद्रमा लाल या काला दिखाई देने लगता है। यही घटना चंद्र ग्रहण कहलाती है।

## अभयदाता हनुमान मंदिर में राधाअष्टमी का महोत्सव धूमधाम से मनाया





बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** श्री श्याम अरदास परिवार के पावन सानिध्य एवं हनुमान नगर, दादू विहार के महिला मंडलने मिलकर राधा रानी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया। मंदिर संरक्षक जगदीश प्रसाद शर्मा ने बताया कि मंदिर में राधा अष्टमी महोत्सव में महेश दरगड, अनिल बावरा, महेश खंडवाल मनीष जिंदल, रवि पारीक ,मनीष साहू एवं मनीष शर्मा म्यूजिकल ग्रुप जयपुर के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई, वृंदावन में हुकुम चले राधे रानी का..., राधिका गोरी से.... एवं करके इशारे बुलाई गई रे..... आदि भजनों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत 7.00 बजे से हुई देर रात्रि तक चलती रही सभी भक्तों ने राधा नाम संकीर्तन में तल्लीन होकर राधा जन्मोत्सव मनाया।

## किसान पंचायत पदाधिकारियों ने बताई किसान ऐप गिरदावरी की पीड़ा



बढ़ता राजस्थान

**निवाई, (निर्भय मीना)।** ब्लॉक अध्यक्ष किसान महापंचायत दशरथ सिंह चौहान के नेतृत्व में किसान महापंचायत द्वारा गांव-गांव दौरा किया जा रहा है। जिसमें किसानों कि सरकार ने किसान ऐप से गिरदावरी का सगुफा देकर भोले भाले किसानों के साथ छलावा किया। उन्होंने बताया कि खरीफ फसल अतिवृष्टि के कारण नष्ट हो जाने पर सरकार द्वारा फसल गिरदावरी कराया जा रहा है। इसके लिए पटवारी को नियुक्त किया गया है, पटवारीयोकी तुलना में पटवार मंडल अधिक है जिससे गिरदावरी होने में परेशानी हो रही है सरकार द्वारा किसान भी गिरदावरी कर सकता है लेकिन गांवो के अधिकतर किसान अनपढ़ है और यदि कोई किसान ऐप से गिरदावरी करता है तो खेत पर जाने के बाद भी गांव का नाम अलग आता है एवं अन्य समस्याएं आती है जिससे कि गिरदावरी नहीं हो पा रही है अतः समय पर गिरदावरी नहीं होने से किसानों को आपदा राहत का लाभ नहीं मिल पाएगा जिससे किसानों को बहुत बड़ा नुकसान हो सकता है ऐसे ही प्रकृति द्वारा तो उनका नुकसान कर दिया गया है साथ ही सरकार भी उनका नुकसान कर सकती है। किसानों ने बताया कि प्रत्येक गांव में सुअरों की संख्या अत्यधिक हो गई है। जिससे फसलों को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया गया है।

## श्रीमद् भागवत संगीत मय कथा का भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**देवली,(गोविंद सिंह सेठी)।** यहां नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पटेल नगर देवली में श्रीमद् भागवत संगीत मय कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। भागवत कथा कार्यक्रम में द्वितीय दिवस श्रीमद् भागवत कथावाचक परम पूज्य नंदिनी जी महाराज के मुखारविंद से श्री सुखदेव जी महाराज के जन्म की कथा को सभी भक्तों ने श्रवण किया। कैलाश पर्वत पर शुक देव जी का जन्म हुआ। और वही सुख पक्षी जन्म लेने के बाद वेदव्यास के पुत्र बने संत नारद के कहने पर वेदव्यास जी ने भागवत जी की रचना करी और भागवत जी की रचना करके वही भागवत श्री शुकदेव जी महाराज को श्रवण कराई ।और वही भागवत श्री शुकदेव जी महाराज ने राजा परीक्षित को 7 दिन में मरने का श्राप लगने पर गंगा के तट आकर भागवत कथा श्रवण करवाई दर्जनों श्रद्धालुओं की उपस्थिति के बीच द्वितीय दिवस की कथा को यही विराम दिया गया। श्रीमद् भागवत कथा भगवान का शब्दमयी स्वरूप है। जिसे श्रवण के सभी जीवन को कृतार्थ कर सकते है।

## भामाशाह ने मंदिर शिखर निर्माण के लिए 41000 भेंट किये



बढ़ता राजस्थान

**देवली,(गोविंद सिंह सेठी)।** यहाँ स्थानीय जन जन की आस्था के केंद्र गंगागुरिया बालाजी मंदिर में चल रहे मंदिर शिखर निर्माण में सहयोग हेतु 41000 रुपये की राशि मंदिर निर्माण समिति को सौंपी है । पुजारी यतेंद्र जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त दान राशि महावीर प्रसाद शर्मा सेवानिवृत ए ई एन नगर फोर्ट वाले व पुत्र गिरीश शर्मा ने उनके स्वर्गीय पिता जटाशंकर शर्मा की प्रेरणा से प्रदान की है। इस अवसर पर भामाशाह परिवार का मंदिर समिति ने स्वागत किया।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत माता के खिलाफ की गई अशोभनीय टिप्पणी का मामला

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने टोंक में राहुल गांधी का फूंका पुतला

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** बिहार में कांग्रेस और आरजेडी के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत माता के खिलाफ की गई टिप्पणी से नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को घंटाघर सर्किल पर प्रदर्शन करके राहुल गांधी का पुतला फूंका। भाजपा जिला महामंत्री विष्णु शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय माताजी के खिलाफ की गई टिप्पणी निंदनीय है। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के राहुल गांधी तथा आरजेडी के तेजस्वी को देश से माफी मांगनी चाहिए ।उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति की माता के खिलाफ इस तरह की प्रतिपक्षी दल के नेता राहुल गांधी तथा तेजस्वी की मौजूदगी में इस तरह की अभद्र टिप्पणी भारतीय संस्कृति व नैतिकता के खिलाफ है। भाजपा के जिला महामंत्री प्रभु बाडोलिया ने कांग्रेस तथा आरजेडी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि राहुल गांधी तथा तेजस्वी की मौजूदगी में एक व्यक्ति ने मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माताजी के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी की गई यह बर्दाश्त योग्य नहीं है। उन्होंने कहा कि तरह की टिप्पणी के बाद भी राहुल गांधी तथा तेजस्विनी की तरफ से कोई माफी नहीं मांगा जाना यह मिलीभगत को दर्शाता है। भाजपा मीडिया प्रभारी कमलेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन की जनसभा में कांग्रेस और राजद कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री की स्वर्गवासी माता के बारे में असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया यह अशोभनीय कुकृत्य है इससे हर भारतीय शर्मिंदा हैं। चुनाव जीतने की लालसा में मर्यादा की सारी सीमाएं लांघकर एक माता का अपमान कर रहे है। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराना ने कहा कि राजनीति में विरोधाभास होना, विचारों में मतभेद होना एक अलग बात है। चुनाव में आप अपने विरोधियों पर टिप्पणी करें , लेकिन किसी पर पारिवारिक टिप्पणी करना अनुचित है उन्हें अपने इस बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए। बीजेपी टोंक के जिला महामंत्री प्रभु बाडोलिया की अगुवाई में सोमवार को मां का अपमान नहीं देगा हिंदुस्तान के तहत सरकारी डाक बंगला टोंक से बीजेपी कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए राहुल गांधी के पुतले के साथ रवाना हुए। बीजेपी कार्यकर्ता पटेल सर्किल,जिला कलेक्ट्रेट होते हुए घंटाघर पहुंचे।वहां कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के राहुल गांधी तथा आरजेडी के तेजस्वी के खिलाफ नारेबाजी करके प्रदर्शन किया। बाद में राहुल गांधी का पुतला फूंका। जिस दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा,पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन,जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया,नरेश बंसल, जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चैधरी, बबलू टैंकर,कार्यालय मंत्री ओमप्रकाश पांडे,जिला मंत्री नीलिमा आमेरा,हरिराम यादव, तरुण टिक्किवाल,मीडिया प्रभारी कमलेश यादव,सह प्रभारी हेमन्त सैनी,बलवंत मराठा,नन्दलाल छान ,हर्षिता जैन आदि भाजपाई मौजूद थे।

## बैठकों में जूट का फोल्डर तथा पानी के लिए स्टील की बोतलो का करे उपयोग-सरोज बंसल

बढ़ता राजस्थान



**टोंक(का.स.)।** जिला प्रमुख सरोज बसंल की अध्यक्षता में सोमवार को जिला परिषद में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी बैठक आयोजित की गई। जिसमें विकास अधिकारी पंचायत समिति , मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं पंचायत राज विभाग के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में जिला प्रमुख सरोज बसंल ने सभी विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंचायतराज की आयोजित बैठको,प्रशिक्षणों, कैम्पो,जनसुनवाई आदि कार्यक्रमों में प्लास्टिक से निर्मित फोल्डर, पानी की बोतले आदि वस्तुओं के उपयोग नहीं करके राजीविका द्वारा निर्मित जूट का फोल्डर तथा पानी के लिए स्टील की बोतले काम ली जावे । जिला प्रमुख सरोज बसंल ने बैठक में सभी अधिकारियों को बताया कि विभाग द्वारा किये जा रहे कार्या को सोशल मीडिया पर डालने के संबंध में फेसबुक आईडी बनायी गयी है जिसमें पंचायती राज विभाग के अधीन हस्तान्तरित विभागों द्वारा किये जा रहे कार्या को जैसे कचरा निपटान, वृक्षारोपण, साफ-सफाई, कीचड निपटान, बैठको, सामुदायिक कार्यो आदि की फोटो, वीडियो बनाकर फेसबुक पर डाले जिससे लोगो को जानकारी और जनता जागरूक हो सके। जिसके संबंध में ललित कुमार अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद टोंक ने सभी विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि सप्ताह में पंचायत समिति वार दिवस तय कर दिया जावेगा जिसमें कार्य के फोटो ,वीडियो, रील्स सेन्ड करे तथा इस बात का भी ध्यान रखे जिसमें कार्य की पूर्व की स्थिति एवं बाद की स्थिति को भी दर्शाया जावे। जिला प्रमुख सरोज बसंल ने सभी विकास अधिकारियों को बताया कि अगले माह में पंचायती राज मंत्री का टोंक जिले में भ्रमण हो सकता है। वह किसी भी ग्राम पंचायत में जा सकते है। बैठक में ललित कुमार अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद टोंक, राजेश्वरी यादव विकास अधिकारी पंचायत समिति, निवाई, सतपाल कुमावत विकास अधिकारी पंचायत समिति टोडारायसिंह, सविता राठौड पंचायत समिति टोंक, हेमराज सौलंकी अतिरिक्त विकास अधिकारी पंचायत समिति पीपलू, डॉ .शेलेन्द्र चौधरी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दामोदर बैरवा जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन जिला परिषद आदि उपस्थित थें।

### सवाई माधोपुर में जमकर बारिश

## लाडपुरा में बिजली गिरने से 9 झुलसे,एक बालिका की मौत

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला मुख्यालय सहित जिलेभर में रविवार को एक बार फिर लगभग पौन घंटे जोरदार बारिश का दौर चला. जिससे जिला मुख्यालय के पुराने शहर के मुख्य बाजार में भारी मात्रा में पानी बहता नजर आया. वही जिले के गंगापुसिटी क्षेत्र के बामनवास उपखण्ड क्षेत्र में बिजली गिरने से 9 लोग झुलस गए और एक बालिका की मौत हो गई। जिला मुख्यालय सहित जिले में जोरदार बारिश के चलते पुराने शहर के मुख्य बाजार में नदियों की तरह बारिश का पानी बहता नजर आया. इस दौरान नगर पालिका के नजदीक एक बाइक पानी के तेज बहाव की चपटे में आ गई. बाइक को वहां मौजूद लोगों ने पकड़ लिया. वहीं तेज बारिश के चलते मुख्य बाजार में दुकानों में पानी भर गया. इसी तरह सवाई माधोपुर जिला अस्पताल परिसर में पानी ही पानी नजर आया. वहीं तेज मेघ गर्जना के साथ नगर परिषद कार्यालय पर भी बिजली गिर गई. इस दौरान नगर परिषद कर्मचारी भयभीत नजर आए। वही जिले के गंगापुसिटी के बामनवास उपखंड के लाडपुरा गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के 9 लोग चपेट में आ गए. हादसे में 14 वर्षीय बालिका कांति सिंह खारवाल की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि अन्य 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों में 5 से 6 बच्चे भी शामिल हैं।

## चार दवा विक्रेताओं का खुदरा औषधि अनुज्ञापत्र निलंबित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** अनुज्ञापन प्राधिकारी एवं सहायक औषधि नियंत्रक चन्द्र प्रकाश जाटव ने निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं पर चार दवा विक्रेताओं का खुदरा औषधि अनुज्ञापत्र अस्थाई रूप से निलंबित किया है। अनुज्ञापन प्राधिकारी एवं सहायक औषधि नियंत्रक ने निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं पर औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियम, 1945 के नियम 66 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैसर्स गुरूदेव मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर मित्रपुरा का खुदरा औषधि अनुज्ञापत्र 10 सितंबर से 19 सितंबर तक 10 दिन के लिए, मैसर्स बालाजी फार्मा एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स ट्रक यूनियन सवाई माधोपुर का 10 सितंबर से 9 अक्टूबर तक 30 दिन के लिए, मैसर्स अग्रवाल ड्रग डिस्ट्रीब्यूटर्स बजरिया सवाई माधोपुर का 10 सितंबर से 16 सितंबर तक 7 दिन के लिए एवं मैसर्स श्री देव मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर मित्रपुरा का खुदरा औषधि अनुज्ञापत्र 10 सितंबर से 16 सितंबर तक 7 दिन के लिए अस्थाई रूप से निलंबित किया है।

## राहुल गांधी का भाजपाइयों ने फूंका पुतला

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी सवाई माधोपुर द्वारा सोमवार को पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ भरतलाल मथुरिया के नेतृत्व में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका ।जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि कांग्रेस आरजेडी के मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी पूज्य माताजी के लिए अपशब्द कहने के विरोध में भाजपाइयों ने महावीर पार्क में एकत्रित होकर जिला कलेक्ट्रेट के सामने पुतला फूंका और राहुल गांधी एवं तेजस्वी यादव को अविलंब माफी मांगने की मांग की ।इस दौरान भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष बजरंग लाल जाट, पूर्व जिला प्रमुख पृथ्वीराज मीणा, जिला महामंत्री बाबू लाल मीणा, जिला उपाध्यक्ष हरिओम गर्ग, लाल चंद गौतम, सत्यनारायण धाकड़, मीरा सैनी, जिला मंत्री,गंगाशंकर गौतम, हरफूल मरमट, जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा , गीता सैनी,बजरिया मंडल अध्यक्ष रितेष भारद्वाज, शहर मंडल अध्यक्ष कपिल जैन, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अशोकराज मीणा , कुंदेरा मंडल अध्यक्ष मनीष जैन,मलारना मंडल अध्यक्ष श्रीचन्द सेनी, बरनाला मंडल अध्यक्ष शंकर सिंह नरूका, कुस्तला मंडल अध्यक्ष मनराज गुर्जर, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष तनवीर अहमद, एससी मोर्चा अध्यक्ष मनोज बैरवा,कार्यालय मंत्री मुकेश शर्मा, पूर्व जिला महामंत्री देवेंद्र सिंह राठौड़,सुधीर शर्मा, नील कमल जैन केशव शर्मा,हरचरण सिंह, रामबिलास मीणा,शुभम भारद्वाज संजय सिकरवार, गोवर्धन सोनी, बनवारी बंसल, जगदीश बरनाला, देवेंद्र मोहन गौतम,अविनाश शर्मा,मुकेश शर्मा,बाबूलाल महावर, रामकिशन शुक्ला, बिट्टू मंगल, पमहिला मोर्चा की संतोष मथुरिया, सावित्री शर्मा, एवं सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### राजस्थान सरकार की नई पहल

# किसानों को फसल की ऑनलाइन गिरदावरी रिपोर्ट स्वयं अपडेट करने की सुविधा मिली

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान सरकार ने किसानों की सुविधा और पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राजस्व विभाग ने 'ई-गिरदावरी' मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया है, जिसकी मदद से अब प्रदेश के किसान अपनी फसल की गिरदावरी (फसल रिपोर्ट) स्वयं ऑनलाइन अपडेट कर सकेंगे। इस नई व्यवस्था से न केवल काम में पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि सरकारी योजनाओं का लाभ भी किसानों तक समय पर पहुँच सकेगा। इस क्रम में सवाई माधोपुर के किसानों ने ई-गिरदावरी एप का उपयोग करना शुरू कर दिया है। वर्ष 2025 की खरीफ फसल के लिए जिले में 31 हजार 956 खसरों की गिरदावरी रिपोर्ट किसानों ने स्वयं अपडेट की है। जिले में अब तक कुल 3 लाख 23 हजार 255 खसरों में फसल की गिरदावरी का विवरण दर्ज किया गया है। यहां पूरे फसली क्षेत्र के अनुमानित 8 लाख 93 हजार 510 खसरों में से 36 प्रतिशत से अधिक खसरों की गिरदावरी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसमें से लगभग 10 प्रतिशत ई-गिरदावरी के एप के माध्यम से दर्ज हुई है। ई-गिरदावरी एक ऑनलाइन प्रक्रिया है, जिसके तहत किसान अपनी जमीन पर बोई गई फसलों का विवरण (जैसे फसल का प्रकार, बुआई का क्षेत्रफल आदि) स्वयं मोबाइल एप के जरिए दर्ज कर सकते हैं। यह कार्य राजस्व विभाग के पटवारियों द्वारा हाथ से किया जाता रहा है, जिसमें कई बार देरी या त्रुटियाँ होने की संभावना रहती है। इस एप के लागू होने से अब किसानों को इस प्रक्रिया के लिए पटवारियों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा और वे स्वयं ही अपनी फसल का विवरण अपलोड कर पाएंगे।

**किसानों को मिलने वाले प्रमुख लाभ :** - सरकारी योजनाओं का सीधा लाभः किसानों को समय पर विभिन्न सरकारी योजनाओं, अनुदानों और फसल बीमा का लाभ मिल सकेगा, क्योंकि इसके लिए सही और समय पर गिरदावरी आवश्यक है।

## देव नारायण भगवान की छठी पदयात्रा बबेली से झांझी रामपुरा के लिए रवाना



बढ़ता राजस्थान

**रैणी (अलवर)।** माचाड़ी कस्बे के समीप बबेली ग्राम पंचायत से सोमवार सुबह 7 बजे देव नारायण भगवान की छठी पदयात्रा का शुभारंभ हुआ। पदयात्रा की शुरुआत भगवान देव नारायण की पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके पश्चात् ध्वज लेकर श्रद्धालु डीजे की धुन पर नाचते-गाते और भजनों का गायन करते हुए झांझी रामपुरा के लिए रवाना हुए।

पदयात्रा झांझी रामपुरा पहुंचने पर ध्वजा चढ़ाई जाएगी और पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। तत्पश्चात श्रद्धालु घर लौटेंगे। इस धार्मिक यात्रा में ग्राम पंचायत बबेली के स्त्री-पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर बने सिंह पोसवाल, मनोहर लाल पोसवाल, धर्म सिंह भाटी ठेकेदार, प्रभाती पोसवाल, रामजीलाल पोसवाल, कैलाश पोसवाल, विजेंद्र ठेकेदार, उदय सिंह भाटी, राजेंद्र पोसवाल, कमल सिंह पोसवाल, मुकेश पोसवाल, मलखान सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## नेत्रदान पखवाडे के अवसर पर प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील चौहान ने बताया कि नेत्रदान पखवाडे के अवसर पर आज राजकीय नर्सिंग कॉलेज में प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रेजिडेन्ट चिकित्सकों, जीएनएमटीसी, बीएससी नर्सिंग, एएनएमटीसी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में नर्सिंग छात्रा पूजा यादव का प्रथम पुरस्कार, मोनिका यादव का द्वितीय पुरस्कार एवं खुशी का तृतीय पुरस्कार हेतु चयन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. शिवानी थरेजा ने नेत्रदान के विषय पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान डॉ. मधुस्वरूव सक्सेना, डॉ. दीपा जैन, नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य एवं स्टाफ मौजूद रहा।

## पेंशन विभाग का कम्प्यूटर ऑपरेटर बीस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) उदयपुर की टीम ने डूंगरपुर में कार्रवाई करते पैशन विभाग कोष कार्यालय डूंगरपुर में पदस्थापित कम्प्यूटर ऑपरेटर गोविन्द गाठिया को बीस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि परिवादी ने एसीबी उदयपुर में शिकायत दी कि वह वन विभाग उदयपुर में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में कार्य करता है और उसके पिता वन विभाग में कैटल गार्ड थे जिनकी मृत्यु हो गई थी। उसके पिताजी की मृत्यु के बाद उनके स्थान पर उसे वन विभाग उदयपुर में अनुकम्पात्मक नियुक्ति मिली थी। उसके पिताजी की वर्ष 2017 से लगातार पेंशन आ रही थी। उसके पिताजी की पेंशन का लगभग 2 लाख 59 हजार रुपये का एरियर बना था। जिसको पास करवाने के लिए वह और उसकी माताजी माह अप्रैल 2025 में दोनो पेंशन विभाग डूंगरपुर गये थे। जहां पैशन विभाग कोष कार्यालय डूंगरपुर में पदस्थापित कम्प्यूटर ऑपरेटर गोविन्द गाठिया से मिला था । जिससे पिताजी की पेंशन के एरियर के रुपये पास करने की बात कही तो उसने पेंशन के एरियर के रुपये पास करने की एवज में 90 हजार रुपये की मांग की थी। इसके बाद उसने उसे काफी बार फोन किया था और रुपयों की मांग की पर उसे रिश्वत के रुपये देने से मना कर दिया। इसके बाद उसकी माताजी के बैंक खाते में एरियर के रुपये आ गये परन्तु मई 2025 से उसकी माताजी के बैंक खाते में उसके पिताजी की पेंशन आनी बंद हो गई।

## पटवारी 9 हजार 500 रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की एसीबी नागौर टीम ने कार्रवाई करते हुए पैतृक कृषि भूमि के आपसी सहमति से किये गये बंटवारे की तरमीम करने की एवज में 9 हजार 500 रुपये की रिश्वत लेते भंवाल तहसील रियांबड़ी जिला नागौर का पटवारी सुरेश कुमार मेघवाल गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी नागौर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसकी पैतृक कृषि भूमि के आपसी सहमति से किये गये बंटवारे की तरमीम करने की एवज में पटवारी दस हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है, जिस पर रिश्वत मांग सत्यापन करवाया गया, जिसमें आरोपित पटवारी द्वारा 10 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर 10 हजार रुपये रिश्वत लेना तय किया।

जिस पर एसीबी नागौर की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कल्पना सोलंकी के नेतृत्व में ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पटवारी सुरेश कुमार मेघवाल को 10 हजार रुपये की रिश्वत ग्रहण कर परिवादी के निवेदन पर 500 रुपये वापस लौटाते हुए 9 हजार 500 रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

## आज भरेगा वीर तेजाजी महाराज का लक्खी मेला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सत्यवादी वीर तेजाजी धाम और तेजेश्वर महादेव मंदिर (पुराना तेजाजी मंदिर मुख्य सोडाला जयपुर) में इस वर्ष तेजाजी जयंती महोत्सव का 125वां वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम एवं श्रद्धा भाव के साथ मनाया जा रहा है। इस भव्य आयोजन का आगाज 29 अगस्त से हो चुका है और 03 सितम्बर 2025 (बुधवार) तक चलेगा। 125वां तेजाजी जयंती महोत्सव के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, भजन संध्याएँ, वीर गाथा एवं भव्य शोभायात्रा कार्यक्रमों का आयोजन हो रहे है।

पंडित (पुजारी) मूलचंद शर्मा ने बताया कि इस वर्ष तेजाजी जयंती महोत्सव का 125वां वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम एवं श्रद्धा भाव के साथ मनाया जा रहा। जिसके चलते 29 अगस्त को तेजाजी महाराज की वीर गाथा का आयोजन हुआ। 30 अगस्त को तेजाजी महाराज की बिंदोरी निकाली गई। 31 अगस्त को विशेष भजन संध्या हुआ।

# विधान सभा में श्रद्धांजलि तक नसीब नहीं हुई: जूली

बढ़ता राजस्थान

**अलवर/जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में सोमवार को विपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने झालावाड़ जिले के मनोहरथाना क्षेत्र में स्कूल की छत गिरने से सात बच्चों की हुई मौत का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि इतने बड़े हादसे के बावजूद मृतकों के नामों को सदन की शोकाभिव्यक्ति सूची में शामिल नहीं किया गया, जो सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है।

जूली ने कहा कि यह घटना सरकार की लापरवाही का नतीजा है। ''सरकार अभी तक अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम के फेर में उलझी रही, लेकिन जर्जर भवनों की सुध नहीं ली। हादसे के बाद विभागों को सर्वे के आदेश दिए जा रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री न तो पीड़ित परिवारों से मिलने गए और न ही घटनास्थल पर पहुंचे। शायद इसलिए कि मृतक अनुसूचित जनजाति के बच्चे थे, जूली ने आरोप लगाया।

नेता प्रतिपक्ष ने शिक्षा मंत्री पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि हादसे के समय मंत्री भरतपुर दौरे पर थे और तुरंत घटनास्थल जाने की घोषणा के बावजूद अगले दिन भरतपुर में स्वागत कार्यक्रमों में शामिल होते रहे। जूली ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय बताया।

विपक्ष ने आरोप लगाया कि विधानसभा में अन्य राज्यों की दुखांत घटनाओं पर श्रद्धांजलि दी जाती है, लेकिन इस हादसे के पीड़ितों को सूची में जगह तक नहीं मिली। जूली ने कहा कि जब वे इस मुद्दे पर सरकार की संवेदनहीनता की ओर ध्यान आकर्षित कर रहे थे, तब उन्हें बोलने का अवसर तक नहीं दिया गया।




**जिला कलक्टर ने ली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपखण्ड अधिकारियों की बैठक**

# संपर्क पोर्टल व अन्य माध्यमों से प्राप्त परिवेदनाओं का निस्तारण करें कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपखण्ड अधिकारियों की बैठक लेकर ई-गिरदावरी, सम्पर्क पोर्टल एवं एनएफएसए के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने बिन्दुवार समीक्षा कर उपखंड अधिकारियों को निर्देश दिये कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफएसए) 2022 के अन्तर्गत शेष लम्बित आवेदनों का निस्तारण आगामी 15 दिवस में करना सुनिश्चित करें, ताकि जरूरतमंद पात्र व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ मिल सके। साथ ही उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा के पोर्टल ओपन होने के संबंध में भी आमजन को अवगत कराया जाए, ताकि पात्र व्यक्ति नए आवेदन कर सके। उन्होंने उपखंड अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार गिव अप अभियान के तहत अधिकाधिक सक्षम लोगों को स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना में से नाम हटवाने को प्रेरित करें।



उन्होंने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की समीक्षा कर निर्देश दिये कि आमजन की परिवेदनाओं का समाधान त्वरित गति से गुणवत्ता के साथ किया जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रतिदिन संबंधित अधिकारी पोर्टल का अवलोकन करें। उन्होंने कहा कि परिवेदनाओं के जल्दी निस्तारण में गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं किया जावे। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री जनसुनवाई मॉनिटरिंग सिस्टम व अन्य जनसुनवाई से प्राप्त परिवेदनाओं का भी गुणवत्ता के साथ त्वरित निराकरण किया जावे।

जिला कलक्टर ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिये कि राजस्व संबंधित कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समयावधि में नियमानुसार निस्तारित करें। उन्होंने कहा कि ई-गिरदावरी व एफआरसी में जिले में अच्छी प्रगति हुई है। लम्बित 95 हजार गिरदावरी कार्यों में से 86 हजार कार्य 15 दिवस में निस्तारित कर दिए गए हैं, शेष 9 हजार गिरदावरी कार्य को आगामी दो दिवस में पूर्ण करें। उन्होंने निर्देशित किया कि अतिवृष्टि के कारण होने वाले फसल खराबे की स्थिति में काश्तकारों की भूमि की समयबद्ध ई-गिरदावरी कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले में भारी वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए यह सुनिश्चित करें कि जलाशयों, बांध, पहाड़ो, जोहड़, झरनों, नदियों के बहाव क्षेत्र एवं बरसाती नालों आदि स्थानों पर सुरक्षात्मक उपाय पुख्ता रखे। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि असुरक्षित व जर्जर भवनों का किसी भी गतिविधि में उपयोग नहीं किया जावे।

## दो हजार लोगों ने फिटनेस में मिट्टी और पानी में ट्रेनिंग



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** डेविल्स सर्किट मैराथन एशिया की सबसे कठिन मैराथन जयपुर में आयोजित हुई। यह मैराथन नरसिंहपूरा अजमेर रोड पर आयोजित हुई । डेविल्स का यह 12 सीजन था।जिसमें दो हजार से ज्यादा लोगों ने फिटनेस में पार्टिसिपेट किया । डेविल्स अब तक भारत में 12 सिटी में ये आयोजन कर चुका है। फिटनेस के यह रेस भारत ही नहीं विदेशों में भी आयोजित होती है। जिसमें दिल्ली, मुंबई,बेंगलुरु, चेन्नई,पुणे,और जयपुर में आयोजित होती है। जिसमें फिटनेस ट्रेनिंग के कई कठिन प्रोग्राम कराए जाते है। इसमें सभी धावकों ने रोप वे,आइस बाथ, रस्सी के ऊपर चढना ओर उतरना, मंकी बारस, मिट्टी में शरीर के बल चलना,दीवार कूदना,पानी में तैरना जैसे कई कठिन ट्रेनिंग कराई गई । जिसमें महिला और पुरुष दोनों ने भाग लिया।इस प्रोग्राम में प्रतिभागी की फिटनेस के लिए किया जाता है। जिससे पता चले वह आगे की मैराथन में किस तरह भाग ले सकता है।

इसमें सभी के स्वास्थ्य की जानकारी लेकर ही ये सभी एक्टिविटी कराई जाती है। डेविल्स के फाउंडर अदनान अदीब ने बताया जयपुर के रनर्स के लिए यह तीसरा सीजन था। जिसमें सभी की फिटनेस के लिए एक्टिविटी की। जिसमें जयपुर में सभी भाग लिया। रेस के बाद सभी प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रतिभागियों को अगले सीजन में और कुछ नया करने का वादा किया। जिससे नए जोश के साथ पूरा करेंगे।

## मरम्मत हेतु 691.52 लाख रुपये के प्रस्ताव सरकार को भेजे गए

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश डागुर ने बताया कि मानसून के दौरान अलवर एवं राजगढ़ तहसीलों में हुई अधिक वर्षा से कई सार्वजनिक और निजी परिसंपत्तियां क्षतिग्रस्त हुई हैं। एसडीआरएफ नॉम्र्स के तहत इन परिसंपत्तियों की तात्कालिक मरम्मत के लिए 691.52 लाख रुपये के प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि मानसून अवधि में एक दिन में 90 मिमी तथा 48 घंटे में 100 मिमी से अधिक वर्षा होने पर क्षति की स्थिति में एसडीआरएफ नॉम्र्स के अंतर्गत सहायता राशि उपलब्ध करवाई जाती है। इसी क्रम में जिला स्तरीय समिति से अनुमोदन के बाद भेजे गए प्रस्तावों में 218 विद्यालयों की मरम्मत हेतु 436 लाख रुपये, 45 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए 109.50 लाख, 8 स्वास्थ्य केंद्रों के लिए 16 लाख, 35 सडक़ों के लिए 83.62 लाख, 22 पंचायत भवनों के लिए 41 लाख और 9 पुलियाओं की मरम्मत हेतु 5.40 लाख रुपये शामिल हैं। एडीएम ने बताया कि राज्य सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद इन परिसंपत्तियों की मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा। वहीं 7 निजी आवासीय भवनों के नुकसान के मामलों की जांच कर प्रस्ताव तैयार करने के लिए कठूमर और रैणी के उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि अधिक वर्षा से मकान क्षति, पशुहानि, जनहानि अथवा अपंगता होने की स्थिति में भी एसडीआरएफ नॉम्र्स के अनुसार सहायता राशि का प्रावधान है।

## नारायण सेवा संस्थान का 44वां सामूहिक विवाह संपन्न

बढ़ता राजस्थान


**अलवर/उदयपुर।** नारायण सेवा संस्थान, सेवा महातीर्थ लियों का गुड़ा में रविवार को 44वां दिव्यांग एवं निर्धन निःशुल्क सामूहिक विवाह समारोह संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चारण और पवित्र अग्नि की साक्षी में 51 दिव्यांग जोड़ों ने सात फेरे लेकर जीवनसाथी बनने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे बिंदोली व तोरण रस्म से हुई, जिसमें दूल्हा-दुल्हन पारंपरिक वेशभूषा में सजे थे और ढोल-बैंड की धुन पर बाराती-घराती नाचते-गाते चले। इसके बाद वरमाला और सात फेरे संपन्न कराए गए। प्रत्येक जोड़े के लिए अलग-अलग आचार्य नियुक्त थे।

इस विवाह में ऐसे जोड़े भी शामिल थे, जिनमें कोई वर या वधू पैरों से या दृष्टि से दिव्यांग थे। अधिकांश ने संस्थान की निःशुल्क सर्जरी, प्रशिक्षण और कोर्स पूरे कर आत्मनिर्भरता पाई और यहीं जीवनसाथी भी चुना।

समारोह में संस्थापक पद्मश्री कैलाश 'मानव', अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, निदेशक वंदना अग्रवाल व पलक अग्रवाल ने जोड़ों को आशीर्वाद दिया। देश-विदेश से आए सहयोगी, दानदाता और संस्थान परिवार भी इस महाकुंभ के साक्षी बने।

उपहार में गृहस्थी का सामान - सभी जोड़ों को बर्तन, गैस चूल्हा, संदूक, डिनर सेट, पलंग, बिस्तर, पंखा और आवश्यक गृहस्थी सामग्री भेंट की गई। कन्यादानियों और अतिथियों ने मंगलसूत्र, चूडियां, चैन, पायल व अन्य उपहार भी दिए।



**अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक**

# मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु चिकित्सा को दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा।** सोमवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवपाल जाट ने पिछली जनसुनवाई में आए परिवादों की समीक्षा, सम्भावित मौसमी बीमारियों की रोकथाम, बिजली, पानी सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं की सूचारू रूप से आपूर्ति, केंद्र की विभागीय फ्लैगशिप योजना एवं समीक्षा बैठकों की अनुपालना रिपोर्ट, सम्पर्क पोर्टल की वर्तमान स्थिति एवं प्रगति की विभागवार समीक्षा की। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने पिछली जनसुनवाई में आए परिवादों में संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का आगामी सात दिवस में निस्तारण करने के निर्देश दिए, जिला स्तरीय जनसुनवाई के प्रकरणों का निर्धारित समय सीमा में निस्तारण नहीं करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना, पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना सहित विभिन्न विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा का आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को विधानसभा के दौरान विभागीय कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए साथ ही बिना सक्षम अनुमति के मुख्यालय नहीं छोडने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौसम में बदलाव को देखते हुए मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए उपयुक्त उपाय सुनिश्चित करें। उन्होंने बीमारियों की रोकथाम की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए अस्पतालों में सुविधाऐं बढाने, मरीजों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता पीएचईडी धर्मवीर यादव, उपनिदेशक समाज कल्याण विभाग रमेश धहमीवाल, सहायक निदेशक कोऑपरेटिव वेद प्रकाश सैनी, अधीक्षण अभियंता बिजली विभाग जेपी बैरवा, नगर परिषद कनिष्क अभियंता मोतीलाल वर्मा, उपनिदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



# किसानों को प्रति एकड़ कम-से-कम 50,000 मुआवजा दे सरकार

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़ )।** भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर प्रदेश मे लगातार हो रही भारी बरसात से खरीफ फसलों को हुए भारी नुकसान का तुरंत सर्वे करवा कर सरकार से पीडित किसानों को प्रति एकड़ कम-से-कम 50,000 मुआवजा देने की मांग की है। अतिवृष्टि व जलभराव से किसानो की फसलें पूर्ण रूप से चौपट हो गई है।किसान बर्बाद हो चुका है।राजस्थान सरकार प्रदेश को आपदाग्रस्त घोषित कर किसानो को आर्थिक सहायता देकर राहत दे। दुबे ने मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री को आव्हान करते हुए कहा की महलों में बैठकर बर्बादी का आँकलन नहीं हो सकता। ज़मीन पर उतरकर ही किसानों का दर्द महसूस किया जा सकता है। आज जब किसान अपना सब कुछ खोने की कगार पर है, तब सत्ता मौन है ? सरकार ने अब तक भी नुकसान का सर्वे एवं मुआवज़े का ऐलान नहीं किया जों घोर निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। मनोज दुबे ने कहा की राजस्थान में हुई भारी बारिश से खरीफ की फसल ख़राब होने से किसान परेशानी मे है।महंगी खाद, बीज हंकाई-जुताई कीटनाशक सब बर्बाद हो गया है।

# नि:शुल्क मधुमेह एवं नेत्र रोग परामर्श एवं जाँच शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़ )।** लायंस क्लब कोटा शक्ति व कोटा स्टार एवं कोटा डाइग्नोस्टिक सेन्टर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क मधुमेह एवं नेत्र रोग परामर्श एवं जाँच शिविर का आयोजन किया। क्लब सचिव लायन ज्योति भारद्वाज ने बताया कि शिविर में कोटा डाइग्नोस्टिक सेन्टर के द्वारा मधुमेह जॉच निःशुल्क एवं संपूर्ण शारीरिक जांच न्यूनतम दर पर की गई, जिसमें 198 मधुमेह मरीजों की जांच की गई, शिविर में दृष्टि आई केयर अस्पताल की नैत्र विशेषज्ञ चिकित्सक टीम के द्वारा आँखो का निःशुल्क जांच व परामर्श दिया गया जिसमें 175 नेत्र रोगियों की जांच की गई जिसमे चयनित 52 नेत्र रोगियों को चश्मे भी उपलब्ध कराए गए। स्टार क्लब से सचिव लायन निधि शर्मा ने कहा कि उक्त शिविर के आयोजन से मरीजों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी और इससे कई रोगियों को लाभ प्राप्त होता हैं ।

# कोटा शहर में तैनात ट्रैफिक के तीन पुलिसकर्मी निलंबित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़ )।** शहर मे जवानों पर अवैध वसूली का आरोप लगा है। आरोप है कि वाहन चालक से 500 रुपए ऑनलाइन लिए गए थे।चालान की रसीद नहीं मिलने पर वाहन चालक ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कर दी। इसके बाद एसपी सिटी तेजस्विनी गौतम ने एक्शन लेते हुए पहले जांच करवाई और उसके बाद तीनों को निलंबित कर दिया है। एसपी तेजस्विनी गौतम का कहना है कि परिवादी से शिकायत मिली थी, जिसमें चालान के लिए पैसा लिया गया था, लेकिन रसीद नहीं दी गई. इस मामले में जांच करवाई जा रही है, जिसमें प्रारंभिक तौर पर तीन पुलिसकर्मी दोषी पाए गए हैं। इसके बाद कांस्टेबल रामबाबू, संतराम और गोपाल को निलंबित कर दिया है। यह घटनाक्रम एक सप्ताह पुराना है और यह कोटडी चौराहे पर हुआ। दरअसल, ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने एक वाहन चालक को रुकवाया और उससे चालान की बात कही थी। इस प्रकरण की शिकायत पर पहले ट्रैफिक पुलिस उपाधीक्षक अशोक मीणा से जांच करवाई गई। इसमें सामने आया कि सिपाहियों ने चालान काटने वाली मशीन के काम नहीं करने की बात कही थी।

# श्री मैथिल ब्राह्मण समाज संस्था द्वारा कार्यवाहक अध्यक्ष की घोषणा



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** श्री मैथिल ब्राह्मण समाज संस्था के अध्यक्ष शिव प्रसाद मिश्रा ने उपाध्यक्ष दीप्ति मिश्रा को संस्था का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया। इस अवसर पर समाज के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। दीप्ति मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह केवल एक पदभार नहीं, बल्कि समाज सेवा की एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे मैं पूरे समर्पण और निष्ठा से निभाने का संकल्प लेती हूँ।स्था सदैव समाज उत्थान, शिक्षा, संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण के लिए कार्य करती रही है। कार्यक्रम में महासचिव हरि ओम मिश्रा, सह सचिव सरिता शर्मा, कोषाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, उपाध्यक्ष इंद्रदेव मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष एन.के. शर्मा, पूर्व सचिव गोपाल कृष्ण मिश्रा, मुख्य अतिथि हिमानी शर्मा एवं डॉ. रीमा शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। नव नियुक्त कार्यवाहक अध्यक्ष का स्वागत डॉ. संजीव शर्मा, कृष्ण गोपाल शर्मा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री तृप्तिनाथ झा, राष्ट्रीय सचिव योगेश मिश्रा, गीता शर्मा एवं सीमा शर्मा सहित अन्य गणमान्यजनों द्वारा माला पहनाकर किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष शिव प्रसाद मिश्रा ने दीप्ति मिश्रा को प्रमाण पत्र सौंपते हुए शुभकामनाएँ दीं।

# कोटा मंडल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का सेमिनार आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़ )।** भारतीय रेल में पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने हेतु प्रतिवर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है। वर्ष 2025 के सतर्कता जागरूकता सप्ताह (18 अगस्त से 17 नवम्बर तक) के अंतर्गत कोटा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में दिनांक 01 सितंबर 2025 को इन्वेस्टिगेशन एंड रिपोर्ट्स विषय पर एक विशेष सतर्कता सेमिनार का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय स्थित सीबीटी हाल में किया गया। सेमिनार में मुख्य कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक मनोज कुलश्रेष्ठ ने विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि इस सेमिनार का उद्देश्य कर्मचारियों को जांच संबंधी प्रक्रियाओं और रिपोर्ट तैयार करने के दौरान आवश्यक सतर्कता, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के महत्व से अवगत कराना था। प्रतिभागियों को विस्तार से समझाया गया कि जांच रिपोर्ट तैयार करते समय तथ्यों की सटीक प्रस्तुति, साक्ष्यों का वैज्ञानिक संकलन और प्रक्रियात्मक शुचिता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान सहायक कार्मिक अधिकारी राकेश कुमार, मुख्य कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक मनोज कुलश्रेष्ठ, कार्यालय अधीक्षक (गोपनीय शाखा) पुनीत शर्मा सहित सभी विभागों के पर्यवेक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लोकसभा अध्यक्ष ओम ने किया पुस्तको का विमोचन

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** पूज्य विभाश्री माताजी के चातुर्मास महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को लोकसभा अध्यक्ष माननीय ओम बिरला विज्ञान नगर जैन मंदिर पहुंचे और पूज्य माताजी के दर्शन कर पाद प्रक्षालन किया। उन्होंने माताजी रचित दो ग्रंथों का विमोचन भी किया।

प्रवचन के दौरान पूज्य विभाश्री माताजी ने कहा कि जब तक क्रोध, मान, माया, लोभ और कपट जैसी प्रवृत्तियाँ जीव में विद्यमान रहती हैं, तब तक आत्मा को निर्मलता और शांति की प्राप्ति संभव नहीं है। जैसे बादल हटने पर सूर्य का साक्षात दर्शन होता है, वैसे ही आंतरिक विकार हटने पर आत्मा उत्तम सत्य के प्रकाश को अनुभव करती है। सत्य धर्म प्रज्ज्वलित दीपक की भांति है, जिसका वास्तविक लाभ तभी मिलता है जब उसे जीवन में आत्मसात किया जाए।

अपने उद्बोधन में बिरला ने कहा कि आज विश्व को उत्तम सत्य धर्म की सर्वाधिक आवश्यकता है। व्यक्ति कितना भी असत्य बोले, अंततः विजय सत्य की ही होती है। उन्होंने श्रद्धापूर्वक पूज्य माताजी से आशीर्वाद प्राप्त कर स्वयं को धन्य बताया। इस अवसर पर कोटा भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश जैन, डीएसपी अंकित जैन, पार्षद विवेक मित्तल, संजय त्रिपाठी, त्रिलोक स्वामी एवं सुरेश लखेरा सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। महामंत्री अनिल जैन ठोरा व राजेन्द्र बज ने बताया कि चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन एवं शास्त्र भेंट का पुण्यार्जन श्री शांतिनाथ मंदिर शिवरार्थी ग्रुप बसंत विहार कोटा को प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम का संचालन पी.के. हरसोरा ने किया। चातुर्मास उत्सव में मंदिर गौरवाध्यक्ष राजमल पाटौदी, समिति अध्यक्ष विनोद टोरड़ी, कार्याध्यक्ष मनोज जैसवाल, महामंत्री राजेन्द्र गोधा, वीरेंद्र पांडेया, जे.के. जैन, अंकित जैन, रितेश सेठी, अरविंद बागडिया और सुरेश हरसोरा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

# संस्कार शालाओं की आचार्या का दक्षता वर्ग संपन्न




बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़ )।** विश्व हिंदू परिषद कोटा महानगर में चलने वाली संस्कार शालाओं की आचार्यों का दक्षता वर्ग आज परिषद कार्यालय मानव विकास भवन में आयोजित किया गया।

विहिप के प्रचार प्रमुख रामबाबू मालव ने बताया कि सेवा प्रमुख हरिओम शर्मा ने आचार्याओं को शालाओं में होने वाले पाठ्यक्रम का अभ्यास करवाया तथा सितंबर माह में शालाओं के वार्षिक उत्सव की रूपरेखा तैयार की।

महानगर मंत्री श्री आशीष शर्मा ने बताया कि विहिप का षष्ठी पूर्ति वर्ष होने के कारण वार्षिक उत्सव प्रखंडो के अनुसार आयोजित किए जाएंगे।

विभाग मंत्री नन्दलाल प्रजापति ने सभी आचार्या बहिनों से शालाओं की जानकारी ली और शालाओं को सुदृढ़ कर बस्ती के बच्चों को अच्छी शिक्षा शालाओं के माध्यम से मिल सके।इस और हम सबको प्रयास करना चाहिए। आचार पद्धति आचार्या सोनिया और दीप मंत्र आचार्या दिव्या,शालिनी ने करवाया। वर्ग में आचार्या शिवकला, शानू सुमन,ममता गोस्वामी,विमला वर्मा,रोशन मीणा सहित अन्य आचार्या उपस्थित रही।

# भारत विकास परिषद भवानीमंडी के नेत्र शिविर में आंखों की जांच

बढ़ता राजस्थान



**भवानीमंडी (अब्दुल सलीम मंसूरी)।** भारत विकास परिषद द्वारा भवानीमंडी में भारत विकास परिषद चिकित्सालय कोटा के सहयोग से नेत्र जांच एवं शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से 43 मरीजों का निशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन होगा।

शाखा अध्यक्ष हेमराज शर्मा ने बताया कि सीताराम अग्रवाल धर्मशाला में नवरत्नमल गुप्ता, सुशीला गुप्ता की पुण्य स्मृति में श्रीमती आशा कैलाश बियानी मुंबई के सौजन्य से आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ नेत्र चिकित्सक डॉ राहुल गर्ग, जनरल फिजिशियन डॉ महेंद्र नागर, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सरिता, परिषद के क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव कमल सुरेका, शिविर प्रभारी उमाशंकर पोरवाल के द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया। शिविर में 156 मरीजों की आंखों की जांच की गई, इसमें से 43 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित करके बस के द्वारा कोटा भेजा गया, जहां भारत विकास परिषद के चिकित्सालय में इनका मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा, वहीं सामान्य रोग जांच एवं स्त्री रोग परामर्श शिविर में डॉ महेंद्र नगर एवं डॉ सरिता के द्वारा 82 मरीजों को परामर्श देकर आवश्यक दवाइयां दी गई। इस शिविर में कमल सुरेका, गोविंद भराडिया, हेमराज शर्मा, डीके गुप्ता, महेश शर्मा, उमाशंकर पोरवाल, मनमोहन जायसवाल, मनोज अग्रवाल, श्याम चौधरी, दामोदर शुक्ला, जितेंद्र गर्ग, संजय चतुर्वेदी, अमित गुप्ता, रमेशचंद्र गुप्ता, मधुसूदन भावसार, पदम भंडारी, ओम गुप्ता, कमलेश गुप्ता दलाल आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम परिचय अध्यक्ष हेमराज शर्मा संचालन कमलेश गुप्ता दलाल एवं आभार संरक्षक गोविंद भराडिया के द्वारा किया गया।नेत्र चिकित्सा शिविर प्रभारी महेश शर्मा, उमाशंकर पोरवाल एवं मनमोहन जायसवाल के अनुसार पिछले 13 वर्षों से लगातार आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर श्रृंखला का यह 134 वां कैंप आयोजित हुआ है, अभी तक इन शिविर के माध्यम से 31521 मरीजों की निशुल्क आंखों की जांच करके रिकॉर्ड 9791 मरीजों का निशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाया जा चुका है।

# उत्तम शौच धर्म पर बताया संयम धारण करने का महत्व

बढ़ता राजस्थान



**भवानीमंडी (अब्दुल सलीम मंसूरी)।** भवानीमंडी में दशलक्षण महापर्व पर दिगंबर जैन समाज के बालिका मंडल व पाठशाला के बच्चों द्वारा आचार्य विद्यासागर महाराज के जीवन पर आधारित गुरु गौरव गाथा की नाटिका का मंचन किया गया, बालक बालिकाओं ने आचार्य विद्यासागर के जन्म से पूर्व की घटनाओं से लेकर उनके आचार्य पद धारण कर दीक्षा देने की गाथा को जीवंत रूप में नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया, जिसका निर्देशन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी रमन जैन व रानी जैन द्वारा किया गया। दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष विजय जैन जूली ने बताया कि दशलक्षण महापर्व के अंतर्गत नगर में विराजित मुनिद्वय निष्पक्षसागर व निस्पृहसागर महाराज के सानिध्य में प्रतिदिन धर्मगंगा बह रही है, महापर्व के चौथे दिन उत्तम शौच धर्म के अवसर पर समाजजनों द्वारा भक्ति भाव से श्रीजी की संगीतमय पूजा अर्चना की गई जिसमें महाआरती का लाभ अशोक जैन सरावगी परिवार, शांतिधारा का लाभ संजय पाटनी परिवार व सुनील सांवला परिवार, शास्त्र भेंट का लाभ अशोक जैन सरावगी परिवार, अमित जैन परिवार, सुधीर जैन श्रीमाल परिवार, चेतन जैन परिवार आरटीएम, प्रमोद जैन परिवार सागर द्वारा लिया गया। जिसके पश्चात मुनि निष्पक्षसागर महाराज व मुनि निस्पृहसागर महाराज की मंगल देशना व आहारचर्या संपन्न हुई, दोपहर में मुनि निस्पृहसागर महाराज के सानिध्य में आचार्य उमास्वामी महाराज की कालजयी कृति तत्वार्थ सूत्र का वाचन व स्वाध्याय करवाया गया। संध्याकाल में प्रतिक्रमण व भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इच्छा तो स्वर्ग जाने की फुर्सत मंदिर जाने तक की नहीं : मुनि निष्पक्षसागर महाराज

मुनि निष्पक्षसागर महाराज ने अपनी मंगल देशना में बताया कि दशलक्षण महापर्व का चतुर्थ दिवस पवित्रता को लेकर आया है, आंतरिक निर्मलता का भाव ही शौच धर्म है। संतोष भाव से स्वयं को अलंकृत करने से ही निर्मलता आएगी, लोभ से संपूर्ण अच्छाइयों का नाश हो जाता है, बहुत अधिक अपेक्षाएं होना लोभ का प्रथम लक्षण है, सब की इच्छा तो स्वर्ग जाने की है लेकिन फुर्सत घर से मंदिर आने तक की नहीं है। यदि मुनि नहीं बन सकते तो कम से कम संतोषी ही बन जाओ, शरीर साथ छोड़ देता है लेकिन इच्छाएं साथ नहीं छोड़ती, हम जो पाते हैं।

त्योहारों को लेकर विशेष निर्देश

# त्योहारों को विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(दामोदर सिंह)।** कलक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में सोमवार को अन्तर्विभागीय समन्वय एवं विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। आगामी दिनों में आयोजित होने वाले त्योहारों और जुलूसों को देखते हुए कलक्टर ने नगर निगम को मार्गों की सफाई, झूलते तारों को व्यवस्थित करने, गड्ढों की मरम्मत तथा जीर्ण-शीर्ण इमारतों की पहचान कर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग युद्ध स्तर पर तैयारियां सुनिश्चित करें।

## पेयजल व स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था

बैठक में कलक्टर पीयूष समारिया ने निर्देश दिए कि जुलूस मार्गों पर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था हो। साथ ही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि मेडिकल टीम हर स्थान पर उपलब्ध रहे। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर प्रत्येक अखाड़े को मेडिकल किट उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।

मौसमी बीमारियों को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेंद्र नागर को निर्देश दिए गए कि हाउस टू हाउस सर्वे की रफ्तार बढ़ाई जाए। घनी आबादी और हॉस्टल क्षेत्रों पर विशेष फोकस कर डेंगू जैसी बीमारियों की रोकथाम की जाए। जिन घरों या कार्यालयों में लार्वा मिले, वहां संबंधित जिम्मेदार पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



## विभागीय योजनाओं व बजट घोषणाओं की समीक्षा

बैठक में सांसद व विधायक निधि से प्रस्तावित कार्यों पर चर्चा करते हुए कलक्टर पीयूष समारिया ने कहा कि जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाए जाएं ताकि जनता को अधिकतम लाभ मिल सके। बजट घोषणाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई तथा एसडीआरएफ के तहत प्रस्तावित कार्यों की गति तेज करने और समयबद्ध तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से शिक्षा विभाग, पीडब्ल्यूडी और पंचायतीराज विभाग को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए।

शिकायतों के निवारण पर जोर

कलक्टर ने 'संपर्क पोर्टल' पर प्राप्त शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रतिदिन कम से कम आधा घंटा संपर्क की शिकायतों को दें। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण हो तथा परिवादी समाधान से संतुष्ट रहे।

## नशीली दवाओं पर रोकथाम के निर्देश

सोमवार को एनसीओआरडी की बैठक भी आयोजित हुई। इसमें कलक्टर पीयूष समारिया ने पुलिस विभाग, समाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, शिक्षा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम को निर्देश दिए कि कोचिंग क्षेत्रों में विशेष गतिविधियाँ संचालित कर युवाओं को नशे से बचाने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि नशीली दवाओं और प्रतिबंधित औषधियों की अनाधिकृत बिक्री पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने नशा मुक्ति केंद्रों का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।

## जनजागरूकता पर बल

कलक्टर ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में सोशल मीडिया एवं अन्य मीडिया माध्यमों का उपयोग कर आमजन को जागरूक किया जाए और समाज में नशा विरोधी वातावरण तैयार किया जाए।

दैनिक बढ़ता राजस्थान

बढ़ता धौलपुर/भरतपुर

जयपुर। मंगलवार 02 सितंबर 2025

www.badhatarajasthan.in



## भुसावर में ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** निकटवर्ती गांव सलेमपुर खुर्द स्थित परशुराम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में शिक्षा विभाग कैलेंडर अनुसार आयोजित ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन सोमवार को हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य राजेंद्र सिंह चौधरी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में आर.पी. अजय कुमार उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में उपखंड की विभिन्न टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शारीरिक शिक्षकों ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शिक्षा के साथ-साथ खेल एकाग्रता, शारीरिक क्षमता और दृष्टि निर्धारण को विकसित करते हैं तथा सफलता के नए आयाम प्रदान करते हैं। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षक हेमेन्द्र सिंह पाण्डेय, श्रवण कुमार, देवीलाल, लोकेन्द्र सिंह, मानसिंह, राजेंद्र सिंह, दिनेश चंद सहित स्थानीय विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## सर्दियों में फूल वाले पौधे लगाने के लिए नर्सरी करें तैयार



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** सितम्बर माह घर की बगिया अथवा उद्यान में सर्दियों के लिए फूल वाले पौधे लगाने हेतु नर्सरी तैयार करने का उपयुक्त समय है। कृषि महाविद्यालय भुसावर के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि गेंदा, कैलेंडुला, विगोनिया, गुलदाउदी, डहलिया, स्वीट पी, डॉग फ्लॉवर, कारनेशन, पोपी, लार्कस्पर आदि फूल सर्दियों में उद्यानों की शोभा बढ़ाते हैं। उन्होंने बताया कि पौध नर्सरी एक मीटर चौड़ी व 4-5 मीटर लंबी क्यारी बनाकर तैयार की जा सकती है। इसमें 4-5 टोकरी गोबर की खाद मिलाने के साथ ही पौध को दीमक से बचाने हेतु 60-70 ग्राम क्यूनालफॉस (1.5 प्रतिशत चूर्ण) डालना चाहिए। एक ही क्यारी में अलग-अलग कतारों में 6-7 प्रकार के फूलों की पौध तैयार की जा सकती है। आवश्यकता अनुसार क्यारी के आकार को बड़ा या छोटा भी किया जा सकता है।

## स्वर्णकार समाज की महिलाओं ने मनाई राधाष्टमी



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** पेच वाले हनुमान मंदिर प्रांगण में माहौर क्षत्रिय स्वर्णकार समाज की महिलाओं ने समाज की महिला अध्यक्ष चंचल सोनी की अध्यक्षता में राधाष्टमी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया।

इस अवसर पर समाज की महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वहीं, समाज के नौनिहाल राधा और कृष्ण की वेशभूषा में आकर्षण का केंद्र बने। कोई छैल-छबीली राधा बनी तो कोई नटखट कान्हा बन सबका मन मोह ले गया। महिलाएं भी माता यशोदा का रूप धरकर उत्सव में शामिल हुईं, जिससे वातावरण भावनात्मक और मनमोहक हो गया। समारोह में रुचि सोनी, ऋचा सोनी, राजकुमारी सोनी, कृष्णा सोनी, नीतू सोनी, दीपा सोनी, आरती सोनी, मोहिनी सोनी, नीलम सोनी, लक्ष्मी सोनी, बुलबुल सोनी, मनीषा सोनी सहित समाज की अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

## हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान अभियान के तहत विद्यार्थियों ने लिए पांच संकल्प



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर 1 सितंबर को आयोजित हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के अंतर्गत उपखंड के विभिन्न विद्यालयों में संकल्प साझा कार्यक्रम आयोजित हुआ। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा भुसावर के अध्यक्ष बाल स्वरूप पाण्डेय ने बताया कि इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पांच प्रमुख संकल्प लिए — स्वच्छता एवं अनुशासन का पालन, विद्यालय संपत्ति की सुरक्षा, राष्ट्रगान के प्रति सम्मान, सामाजिक समरसता व चरित्र निर्माण तथा समाज सेवा के साथ विद्यालय को तीर्थ समान मानना।

इस अभियान को सफल बनाने में उपखंड के सभी विद्यालयों के प्राचार्यों और संगठन कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहयोग दिया।

# आदि कर्मयोगी अभियान में जिले के 73 गांव शामिल

बढ़ता राजस्थान

### जनजातीय समुदाय को मिलेगा सशक्त नेतृत्व



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में एसीईओ डॉ. सुमन अजमेरा ने केंद्रीय जनजाति मंत्रालय के आदि कर्मयोगी अभियान और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय समुदायों तक सरकार की योजनाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करना और स्थानीय स्तर पर सशक्त नेतृत्व विकसित करना है।

डॉ. अजमेरा ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान विकेन्द्रीकृत और सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित परिवर्तनकारी नेतृत्व तैयार करने का प्रयास है। इसके माध्यम से अंतिम छोर तक योजनाओं की डिलीवरी सुनिश्चित की जाएगी और विकसित भारत ञ2047 की परिकल्पना को साकार किया जाएगा। देशभर में 20 लाख जनजातीय नेतृत्व तैयार करने का लक्ष्य है, जिनमें से लगभग एक लाख राजस्थान से होंगे। चयनित व्यक्तियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें योजनाओं के क्रियान्वयन में भागीदार बनाया जाएगा।

राजसमंद जिले में इस अभियान के तहत 73 गांव चुने गए हैं। इनमें कुंभलगढ़ उपखंड के 28, राजसमंद उपखंड के 5, खमनोर के 11, देलवाड़ा के 9 और भीम उपखंड के 20 गांव शामिल हैं। यहां शिक्षक, डॉक्टर, सामाजिक कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह के सदस्य और स्वयंसेवक 'आदि कर्मयोगी' और 'आदि साथी' के रूप में भागीदारी करेंगे।

अभियान में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, वन, चिकित्सा, पंचायतीराज और महिला एवं बाल विकास विभाग सहयोगी रहेंगे। अभियान सेवा, समर्पण और संकल्प की भावना से प्रेरित होकर उत्तरदायी शासन, त्वरित शिकायत निवारण और पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था को बढ़ावा देगा।

डॉ. अजमेरा ने बताया कि अभियान को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना, जल जीवन मिशन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, भारत नेट, स्किल इंडिया मिशन और सतत कृषि सहित कई राष्ट्रीय योजनाओं से जोड़ा गया है। साथ ही छात्रावास निर्माण, पोषण वाटिकाएं, मोबाइल मेडिकल यूनिट, डिजिटल पहलें, मत्स्य व पशुपालन, क्षमता निर्माण और जनजातीय होम स्टे जैसी गतिविधियां भी शामिल होंगी।

इस अभियान से अपेक्षा है कि जमीनी स्तर की संस्थाओं को सुदृढ़ किया जाएगा, जनजातीय युवाओं को परिवर्तनकारी नेतृत्व में विकसित किया जाएगा और सभी सेवाओं की पहुंच अंतिम छोर तक सुनिश्चित होगी।

# हाईवे के अंडरब्रिज के नीचे बना शहर का सबसे बड़ा पार्क

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** शहर को स्वच्छ और आकर्षक बनाने की दिशा में चंद्रमल फाउंडेशन ने सराहनीय पहल की है। फाउंडेशन ने अपने निजी खर्चे पर नेशनल हाइवे-44 के अंडरब्रिज के नीचे भव्य पार्क का निर्माण कराया है। यह धौलपुर का सबसे बड़ा अंडरब्रिज पार्क माना जा रहा है।

इस पार्क में बच्चों के लिए खेलकूद की जगह है, वहीं वयस्क योगा और फिटनेस गतिविधियों में भाग ले सकते हैं। पार्क की दीवारों पर बनी पेंटिंग्स राजस्थान की संस्कृति और विरासत को दर्शाती हैं, जो यहां आने वाले लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र हैं।

चंद्रमल फाउंडेशन के अध्यक्ष राजवीर सिंह गुर्जर और सचिव विनीत गुर्जर ने बताया कि संस्था का मकसद शहर को सुंदर और सुविधाजनक बनाना है। उन्होंने कहा कि जिस जगह पर लोग पहले कचरा फेंका करते थे, उसी स्थान को साफ कर पार्क का रूप देना एक बड़ा बदलाव है। प्रशासन से स्वीकृति मिलने के बाद इस जगह को आधुनिक पार्क में बदलकर धौलपुर की छवि सुधारने का प्रयास किया गया।

फाउंडेशन बीते चार वर्षों से सामाजिक सेवा में सक्रिय है। संस्था ने ट्रैफिक लाइन में कर्मचारियों के लिए पुलिस बूथ भी स्थापित करवाया है, ताकि पुलिसकर्मी वहां बैठकर अपना दायित्व सुचारू रूप से निभा सकें। इसके अलावा हर वर्ष स्कूलों में विद्यार्थियों को स्वेटर, जूते-मोजे, टोपी और अध्ययन सामग्री वितरित की जाती है।

फाउंडेशन की 11 सदस्यीय टीम में व्यापारी, अधिवक्ता और अन्य पेशेवर शामिल हैं, जो मिलकर विभिन्न सामाजिक कार्यों में योगदान देते हैं। संस्था समय-समय पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है और जरूरतमंदों को भोजन भी उपलब्ध कराती है।

चंद्रमल फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य शहर का विकास करना और लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखना है। संस्था का मानना है कि एक बेहतर और स्वच्छ धौलपुर ही भविष्य की पहचान बनेगा।

## सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने ब्यावर यात्रा के दौरान बड़ारड़ा चौराहा पर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनके समाधान का आश्वासन दिया।

यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने उन्हें रोककर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि बड़ारड़ा चौराहा पर स्वीकृत रोड क्रॉसिंग को यथावत रखा जाए, क्योंकि यहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में विद्यार्थी हाईवे पार करते हैं। यदि यह क्रॉसिंग बंद हो जाती है, तो विद्यार्थियों और अन्य राहगीरों को करीब एक किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी।

सांसद ने ग्रामीणों की बात गंभीरता से सुनी और समझाया कि क्रॉसिंग बंद करने का निर्णय सडक़ दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं की रोकथाम महत्वपूर्ण है, लेकिन जनता की सुविधा भी उतनी ही जरूरी है। उन्होंने मौके पर ही जिला कलेक्टर और प्रोजेक्ट मैनेजर से बातचीत कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सांसद ने अधिकारियों से कहा कि स्थल का निरीक्षण कर ऐसा समाधान खोजा जाए जिससे स्थानीय लोगों को भी सुविधा मिले और सडक़ सुरक्षा पर भी असर न पड़े।

## हवाई फायरिंग करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** सैंपऊ थाना पुलिस ने 24 अगस्त को हुई हवाई फायरिंग की घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से घटना में इस्तेमाल की गई कार, दो कट्टे 315 बोर और दो कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार घटना 24 अगस्त दोपहर करीब 3:20 बजे रजौरा कला में हुई। एक कार में सवार चार युवक एक दुकान पर पहुंचे और सिगरेट खरीदकर वहीं ठहर गए। इसी दौरान उनमें से एक युवक ने अवैध हथियार निकालकर हवाई फायर कर दिया। अचानक हुई फायरिंग से क्षेत्र में दहशत फैल गई और आरोपी मौके से कार में फरार हो गए। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और आसूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान की। सामने आया कि अभय उर्फ रामू शर्मा और गोविंद ठाकुर अपने दोस्त राहुल के ससुराल झीलरा आए थे।

## लोकतंत्र में हर मत की अहमियत, युवाओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** लोकतंत्र की मजबूती में मतदाता की सक्रिय भूमिका और युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ईएलसी (इलेक्शन लिटरेसी क्लब) एवं स्वीप (सिस्टेमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन) के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन दि क्रिएटिव ब्रेन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार हसीजा रहे। इस अवसर पर जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा और नाथद्वारा उपखण्ड अधिकारी रक्षा पारीक बतौर विशेष अतिथि उपस्थित रहे।

अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय प्रशासन की ओर से सभी अतिथियों का उपरणा ओढ़ाकर, पुष्पगुच्छ और प्रभु श्रीनाथजी की छवि भेंट कर स्वागत किया गया।

जिला कलेक्टर हसीजा ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि राष्ट्र की नीतियों और विकास की दिशा तय करने में प्रत्येक मत का महत्व है। उन्होंने युवाओं को शपथ दिलाते हुए लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा ने मतदान के इतिहास और उसके विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नागरिकों का जागरूक होना ही लोकतंत्र की सबसे मजबूत नींव है। एसडीएम रक्षा पारीक ने विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, सुधार और कटवाने की प्रक्रिया समझाई तथा वोटर हेल्पलाइन ऐप और अन्य ऑनलाइन सुविधाओं की जानकारी दी। विद्यालय निदेशक शिवहरि शर्मा ने कहा कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य और जिम्मेदारी भी है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं मतदान के प्रति जागरूक रहें और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में छात्रा प्रिशा भाटी ने लोकतंत्र और मतदान पर आधारित नृत्य प्रस्तुति दी। ईएलसी कॉर्डिनेटर हरिओम सिंह ने ईएलसी द्वारा चलाए जा रहे अभियानों की जानकारी साझा की और विद्यार्थियों से उनमें सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

सेमिनार का आयोजन

# वर्तमान में शिक्षा के साथ वित्तीय साक्षरता आवश्यक

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** गोपाल किरन समाजसेवी संस्था द्वारा एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के सहयोग से रांची विश्वविद्यालय के लॉ विभाग प्रांगण में सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय बचत संस्थान, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशक श्री जमील असगर ने किया। मुख्य वक्ता एवं अतिथि के रूप में उपस्थित श्री सूर्यकांत शर्मा (सीनियर कंसल्टेंट एवं पूर्व डीजीएम, सेबी) ने कहा कि आज शिक्षा के साथ वित्तीय साक्षरता बेहद आवश्यक है। भारत सरकार वित्तीय नियामकों के सहयोग से निवेशक जागरूकता एवं वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम चला रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय सदियों से मेहनती और बचत करने वाले रहे हैं, परंतु केवल बचत को घर में रखने के कारण हमें नुकसान उठाना पड़ा है। आवश्यकता है कि पैसों का सही निवेश किया जाए ताकि वह भी आगे और कमाई करे।

शर्मा ने निवेशकों को सलाह दी कि फाइनेंशियल प्लान बनाकर रखें, जागरूक निवेशक बनें, दूसरों की राय पर नहीं बल्कि स्वयं विचार कर निर्णय लें। उन्होंने रिटायरमेंट प्लानिंग और पावर ऑफ कंपाउंडिंग को वित्तीय सफलता का मूलमंत्र बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपाल किरन समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष श्रीप्रकाश सिंह निमराजे ने की। इस अवसर पर डॉ. पुष्पा कुमारी बिन्हा (विभागाध्यक्ष, डोरंडा कॉलेज), विद्यासागर उपाध्याय (शिक्षाविद एवं दार्शनिक), डॉ. सुनील कुमार मिश्रा (फिल्म एक्टर एवं लेखक), हिमांशु यादव (असिस्टेंट प्रोफेसर, इलाहाबाद विश्वविद्यालय) सहित अनेक शिक्षाविद, लेखक और शोधार्थी उपस्थित रहे। द्वितीय सत्र में प्रतिभागियों ने शिक्षा नीति पर अपने विचार एवं शोध आलेख प्रस्तुत किए। इस अवसर पर डॉ. सुधांशु कुमार चक्रवर्ती की पुस्तक सर्कस (बाल लघुकथा संग्रह) तथा अजय पांडेय की पुस्तक महफिल-ए-गज़ल का लोकार्पण किया गया। सूर्या फिल्म प्रोडक्शन हाउस की ओर से भले दिनों की बात फिल्म का पोस्टर भी जारी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और संविधान की प्रस्तावना वाचन से हुआ। स्वागत गान डॉ. रश्मि किरन ने प्रस्तुत किया। समापन राष्ट्रगीत के साथ हुआ। अंत में नाटक सट्टा का एकल मंचन किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया।

## आगामी धार्मिक पर्वो को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में सीएलजी बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** आगामी धार्मिक पर्वों को शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के लिए मंगलवार को पंचायत समिति कपासन के सभागार में क्षेत्रीय प्रशासनिक अधिकारियों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सीएलजी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपखंड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका, पुलिस उपाधीक्षक हरजीलाल यादव, थानाधिकारी रतन सिंह और तस्लीलदार नासिर बेग मिर्जा ने आगामी अनंत चतुर्दशी पर होने वाले गणेश विसर्जन और ईद मिलादुन्नबी के कार्यक्रमों को लेकर आयोजकों से सुझाव लिए। प्रशासनिक अधिकारियों ने दोनों समुदायों से पर्वों की तैयारियों संबंधी जानकारी प्राप्त की और कार्यक्रमों के मार्ग निर्धारित किए।

इस अवसर पर अधिकारियों ने दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों से पर्वों को शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने में सहयोग देने का आग्रह किया। बैठक में पुलिस चौकी कपासन के सूचना प्रभारी जितेंद्र गुर्जर, पूर्व नगर पालिका पार्षद अब्दुल कलाम अंसारी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया, श्रमण संघ कपासन अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी, पप्पू कुमावत, छोटू वैष्णव, हजारीलाल खटीक, अंशु और सुनील बारेगामा, भारत विकास परिषद के बादशाह सिंह सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि और संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस-क्रछ्ष्ठ की वोट अधिकार यात्रा में पीएम की माताजी पर टिप्पणी, भाजपा ने किया जोरदार विरोध




बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनंत दाधीच)।** कांग्रेस-आरजेडी की वोट अधिकार यात्रा के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माताजी के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में जिला भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकर्ता अस्पताल परिसर के रेडक्रॉस भवन के बाहर इक_ा हुए और जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा के नेतृत्व में मां का अपमान-नहीं सहेगा हिंदुस्तान और राहुल गांधी शर्म करो जैसे नारों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने राहुल गांधी का पुतला भी जलाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा ने कहा कि लोकतंत्र में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन देश की मातृशक्ति का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## शाहपुरा में मूसलाधार बारिश का कहर, देवरी गांव में आठ कच्चे मकान ढहे

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** शाहपुरा क्षेत्र में सोमवार तडक़े मूसलाधार बारिश ने तबाही मचाई। बिलिया पंचायत के देवरी गांव का भील मोहल्ला सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ, जहां लगातार बरसात से आठ कच्चे मकान ढह गए। गनीमत रही कि जनहानि नहीं हुई। हादसे के समय परिवारजन जाग चुके थे और समय रहते बाहर निकल आए। हालांकि अचानक गिरे मकानों से मोहल्ले में अफरा-तफरी फैल गई और बच्चे-बुजुर्ग सहम गए। पंचायत समिति सदस्य सांवरलाल गुर्जर ने बताया कि घीसी/ओमप्रकाश, प्रेमी/गिरधारी, छोटी/हिरा, चंदु/दुर्गा, प्रहलाद/मोहन, बालु/घीसु, अमरचंद/छोटु और रतन/छोटु के मकान पूरी तरह ढह गए। आसपास के अन्य कच्चे मकान भी खतरे में हैं। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से आपदा राहत राशि, अस्थायी आवास और जल निकासी व्यवस्था की मांग की है। गांववासी चिंतित हैं कि समय रहते मदद नहीं मिली तो स्थिति और बिगड़ सकती है।

## सेंट पॉल्स विद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति पर आधारित रंगोली प्रस्तुतियां दी



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद/कपासन।** सेंट पॉल्स सीनियर सेकंडरी विद्यालय, राजसमंद में कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए सोमवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर जॉनी मैथ्यू ने बताया कि प्रतियोगिता का विषय भारतीय सेना था। विद्यार्थियों ने ऑपरेशन सिंदूर और भारत झुकेगा नहीं जैसे देशभक्ति पर आधारित शानदार रंगोली प्रस्तुतियां दीं, जिससे कार्यक्रम में देशभक्ति का वातावरण बना रहा।

विद्यालय ने इस कार्यक्रम का आयोजन विद्यार्थियों में देशप्रेम की भावना जागृत करने के उद्देश्य से किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### आंतरदा में सर्प देह रूप में होंगे दर्शन, 1 से 7 सितम्बर तक मेला जारी

# तेजाजी महाराज की कर्मस्थली दुगारी में झंडी चढ़ाने की परंपरा, श्रद्धालुओं की उमड़ी आस्था

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां (टी.आर. सैनी)।** भाद्रपद शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर मनाई जाने वाली तेजादशमी के अवसर पर सोमवार को तेजाजी महाराज के थानकों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने लोकदेवता तेजाजी महाराज की पूजा-अर्चना कर झंडी चढ़ाई और घर-घर में लड्डू बनाकर भोग लगाया। किसान वर्ग ने अपनी खेती की खुशहाली के लिए तेजाजी से आशीर्वाद मांगा।



**दुगारी में ठिकानेदार की झंडी चढ़ाने की परंपरा**

प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण दुगारी को तेजाजी महाराज की कर्मस्थली माना जाता है। यहां वर्षों से दुगारी वंशजों के साथ ठिकानेदार की ओर से झंडी चढ़ाने की परंपरा निभाई जाती है। ग्रामीण मान्यता के अनुसार, दुगारी-नैनवां रोड पर स्थित तीन नीमडिया थानक पर आषाढ़ से ही गांववासी पूजा-अर्चना करते हैं। अलगोजे और ढोलक की थाप पर तेजाजी गायन कर उन्हें प्रसन्न किया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि आजादी से पूर्व बूंदी स्टेट के अंग्रेज दीवान रॉबर्टसन ने दुगारी में भरने वाले मेले को बंद करवा दिया था। कहा जाता है कि तेजाजी महाराज के चमत्कार से उसके घर में सर्प दिखाई देने लगे और सर्पदंश से एक पालतू कुतिया की मृत्यु हो गई। भयभीत दीवान ने दुगारी आकर क्षमा मांगी और मेले को दोबारा शुरू करवाया। इसी आस्था और चमत्कार के कारण यहां आज भी श्रद्धालुओं की अपार भीड़ जुटती है। ग्रामीण बताते हैं कि दुगारी बाग के बांस ही झंडी के रूप में उपयोग किए जाते हैं। यहां आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था की जाती है।

**जागरण के साथ शुरू हुआ दुगारी मेला**

दुगारी सरपंच रामलाल खींची ने बताया कि 1 से 7 सितम्बर तक दुगारी में तेजाजी महाराज मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में व्यापारिक दुकानें सजती हैं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होता है।

**आंतरदा में सर्प देह रूप में होंगे दर्शन**

नैनवां उपखंड के आंतरदा गांव में भी तेजादशमी पर अनूठी परंपरा निभाई जाती है।

यहां मान्यता है कि तेजाजी महाराज सर्प देह रूप में दर्शन देते हैं। ग्रामवासी गाजे-बाजे के साथ तेजाजी महाराज को थानक तक लेकर जाते हैं। इस अद्भुत नजारे को देखने के लिए आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

## नंदोत्सव की धूम: बांके बिहारी की छटा पर झूमीं महिलाएं

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनंत दाधीच)।** राधाष्टमी के अवसर पर रविवार को गौतम महिला मंडल द्वारा गौतम छात्रावास में भव्य कृष्ण नंदोत्सव का आयोजन किया गया। पीले और लाल रंग की पारंपरिक पोशाक में सजी महिलाओं ने भक्ति भजनों पर नृत्य किया, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना। जिलाध्यक्ष नीलिमा शर्मा ने बताया कि नंदोत्सव की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई। कार्यक्रम में भगवान कृष्ण की मनमोहक झांकी सजाई गई और नन्हे-मुन्ने कृष्ण बाल रूप को उपहार दिए गए। महिलाएं सेल्फी पॉइंट पर तस्वीरें खिंचवाकर उत्सव का आनंद उठाती रहीं। इसके बाद, कृष्ण बाल द्वारा फोड़ी गई दही हांडी से भक्तों को माखन-मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम संयोजक अनुपमा शर्मा और सह संयोजक संजना गौतम ने मंडल में शामिल नई सदस्यों का स्वागत किया। साथ ही, गौतम महिला मंडल की पूर्व जिलाध्यक्ष ममता शर्मा को माला और साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। नंदोत्सव के दौरान कई धार्मिक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। 'नंद बाबा' की भूमिका उमा गौतम और 'यशोदा' की भूमिका दिव्या शर्मा ने निभाई। 'बांसुरी सजाओ' प्रतियोगिता में रिचा नौसल्या ने पहला और लेखा शर्मा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।



इस अवसर पर मीनू शर्मा, अनिता व्यास, मंजू नौसल्या, प्रकाश शर्मा, रेखा जोशी, सुधा शर्मा, कल्पना शर्मा, संतोष शर्मा, भावना गौतम, उमा शर्मा, सुनीता बड़ोदिया, हेमलता शर्मा, चारु शर्मा, रिचा नौसलिया, कोमल जोशी, लेखा शर्मा, वंशिका गौतम समेत गौतम समाज की सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं।

## विभिन्न समुदायों की शोभायात्रा का धाकड़ समाज ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेडा. (नि.स.)।** 1 सितंबर को नगर में जाट समाज एवं नायक समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा एवं वाहन रैली निकाली गई। धाकड़ युवा संघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता सागर मल धाकड़ ने बताया कि पंचायत समिति के बाहर धाकड़ समाज द्वारा जाट समाज एवं नायक समाज द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा एवं वाहन रैली का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री विनोद धाकड़, जिला अध्यक्ष सुनील धाकड़, राष्ट्रीय प्रवक्ता सागर मल धाकड़, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक धाकड़, राष्ट्रीय संगठन मंत्री शम्भु लाल धाकड़, मुकेश धाकड़ अरनिया जोशी, कमलेश धाकड़ करथाना, बाबू लाल धाकड़ सरपंच सेमलिया, मांगीलाल धाकड़ भट्कोटडी, ब्रिजेश कुमार धाकड़ टाई,दिपक धाकड़ करथाना,भरत धाकड़ भट्कोटडी, किशोर धाकड़ बांगरेडा. मामादेव, हेमंत धाकड़ चरलिया, सत्यनारायण धाकड़ कनेरा, घनश्याम धाकड़ मैलाना,डां अनिल धाकड़ जावदा, दिनेश धाकड़ सेमलिया,पवन धाकड़ करथाना, प्रहलाद धाकड़ अरनिया जोशी, अर्जुन धाकड़ अरनिया जोशी,पूरण धाकड़ जावदा,प्रकाश धाकड़ भैरुखेडा,पारस धाकड़ मण्डावली एवं कई समाज जन उपस्थित थे।



## लेक सिटी लायंस क्लब ने किया पौधारोपण और जरूरतमंदों में वस्त्र वितरण

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर/कपासन।** लायंस क्लब उदयपुर लेक सिटी ने रविवार को उन्दरी ग्राम स्थित सोनी फार्म्स में पिकनिक कार्यक्रम के तहत विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अरुणा मुंदड़ा द्वारा ध्वज वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष लॉयन सिद्धार्थ चतुर, लॉयन डॉ. दीपेन्द्र सिंह चौहान, सचिव यतींद्र सिंह बाबेल, लियो प्रेसिडेंट निलय आंचलिया सहित अन्य पदाधिकारी और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस अवसर पर क्लब पदाधिकारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी क्लब के अजय सोनी को सौंपी गई। सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत लायंस क्लब ने जरूरतमंदों में वस्त्र भी वितरित किए। कार्यक्रम की प्रवक्ता डॉ. मीना बाबेल ने बताया कि यह पिकनिक क्लब पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के लिए आनंदमय और सीखने का अवसर रही। कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का संचालन चारूलता शर्मा और ऋतु ढींगड़ा ने किया। विजेता प्रतिभागियों को केजी मुंदड़ा द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान सचिव यतींद्र सिंह बाबेल को डिस्ट्रिक्ट द्वारा क्लब एक्सीलेंसी अवार्ड और कोषाध्यक्ष मनीष शर्मा को कुबेर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

### कथा स्थल पर जलभराव और भीड़ प्रबंधन की आशंका से लिया गया निर्णय

## पं. प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा स्थगित, नई तिथि जल्द होगी घोषित

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** शहर में 9 सितम्बर से प्रस्तावित प्रसिद्ध कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा अब तय समय पर नहीं हो सकेगी। लगातार हो रही भारी बारिश से कथा स्थल पर जलभराव हो गया है। साथ ही अनुमानित 2 से 3 लाख श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए यातायात और व्यवस्थाओं में कठिनाई की संभावना के कारण आयोजन समिति ने कथा स्थगित करने का निर्णय लिया। रविवार को संकटमोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित बैठक में महंत बाबूगिरी महाराज, विधायक अशोक कोठारी, राधेश्याम सोमानी, गजानंद बजाज, कन्हैयालाल स्वर्णकार, बद्रीलाल सोमानी, पीयूष डाड, सत्यनारायण गूगड़, पं. अशोक व्यास सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मौजूदा परिस्थितियों में कथा आयोजन संभव नहीं है और श्रद्धालुओं को असुविधा हो सकती है, इसलिए इसे स्थगित करना उचित रहेगा। महंत बाबूगिरी महाराज ने बताया कि वे सिहोर जाकर पं. प्रदीप मिश्रा से मुलाकात करेंगे और नई तिथि पर चर्चा करेंगे। इसके बाद आयोजन समिति समय रहते श्रद्धालुओं को नई तिथि और स्थल की जानकारी उपलब्ध कराएगी। कथा स्थगित होने की सूचना से श्रद्धालुओं में निराशा अवश्य दिखी, लेकिन अधिकांश ने इसे व्यावहारिक और उचित निर्णय माना। श्रद्धालुओं का कहना है कि लाखों की भीड़ और बारिश से प्रभावित स्थल पर असुविधा की संभावना को देखते हुए यह कदम आवश्यक था। आयोजन समिति और जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल समिति की आधिकारिक घोषणा पर ही विश्वास करें।



### श्री पाबू जी राठौड़ के जन्मोत्सव पर आयोजित

# अखिल भारतीय नायक समाज ने निकाली वाहन रैली

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेडा. (नि.स.)।** अखिल भारतीय नायक महासभा मेवाड़ के तत्वावधान में सोमवार को नायक समाज के आराध्य देव श्री पाबू जी राठौड़ के जन्मोत्सव पर सैकड़ों वाहनों के साथ विशाल वाहन रैली एवं शोभायात्रा निकाली गई। यह वाहन रैली एवं शोभायात्रा नगर के दशहरा मैदान से आरम्भ हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए चित्तौडग़ढ़ जिले के राशमी तहसील के बारु गांव में स्थित पवित्र तीर्थ स्थान पाबूजी राठौर के मंदिर पर पहुंची। इस वाहन रैली का डॉ. भीमराव अंबेडकर बस स्टैंड के समीप क्रय विक्रय सहकारी समिति के सामने भारतीय जनता पार्टी की ओर से पूर्व विधायक अशोक नवलखा की विशेष उपस्थिति एवं भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी के नेतृत्व में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। रैली में खुली जीप पर विराजित समाज के आराध्य लोकदेव श्री पाबू जी राठौड़ के चित्र पर भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी ने माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया एवं क्षेत्र में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।



इस दौरान भाजपा नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बनवार, कमलेश बुनकर, वरिष्ठ नेता मनोहर लाल चौधरी, नगर उपाध्यक्ष जगदीश माली, नरेश आमेटा नगर मंत्री ओमप्रकाश नाथ, रतन वैष्णव, कैलाश सेन, धर्मपाल जाट, शिवदयाल कुमावत, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सलीम खान, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह राठौड़, नगर महामंत्री डॉ. आशीष टांक, चिराग मंत्री, अजय नागदा, अंतरिक्ष साहू, एससी मोर्चा नगर अध्यक्ष विजय कुमार बैरवा, आईटी संयोजक दीपक अग्रवाल, पूर्व पार्षद गोपाल कुमावत, विक्की कुमावत, मोतिदान चारण, भरत वैष्णव सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं जाट समाज के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने मिशन मोड पर कार्य करने दिये निर्देश

# लगातार हो रही बारिश एवं वर्षाजनित परिस्थितियों को लेकर जिला प्रशासन मुस्तैद

**जल भराव के क्षेत्रों में राहत पहुंचाने के लिए अधिकारियों को किया निर्देशित**

- जिला कलक्टर के निर्देश पर के अधिकारियों ने वर्षा प्रभावित इलाकों का किया दौरा
- जर्जर भवनों, वर्षा से हुए नुकसान का लिया जायजा, आमजन से किया संवाद
- जिला कलक्टर ने आमजन से भी एहतियात बरतने की अपील

बढ़ता राजस्थान





**जयपुर, (का.स.)।** जयपुर जिले में लगातार हो रही वर्षा से जनजीवन प्रभावित हुआ है, ऐसे हालातों में जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी और सतर्कता के साथ राहत एवं बचाव कार्यों में जुटा हुआ है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं हालातों पर लगातार नज़र बनाए हुए हैं और फील्ड से प्राप्त सूचनाओं की पल-पल मॉनिटरिंग कर रहे हैं। जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्षाजनित हालातों में आमजन को सुरक्षित रखना और उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर सभी उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी एवं राजस्व अधिकारी वर्षा प्रभावित इलाकों का दौरा कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं तथा मौके पर ही आवश्यक निस्तारण की कार्रवाई सुनिश्चित कर रहे हैं। अधिकारियों ने कॉलोनियों, बस्तियों और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जलभराव और अन्य समस्याओं की जानकारी ली तथा आमजन से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना।

कई स्थानों पर तुरंत पंपसेट लगाकर पानी की निकासी करवाई गई, नालों की सफाई की गई और यातायात अवरुद्ध करने वाले स्थलों पर मशीनरी लगाकर मार्गों को बहाल किया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि राहत एवं बचाव कार्यों में आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसी क्रम में निचले और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री, पेयजल और अन्य आवश्यक सहायता मुहैया कराई जा रही है।

ग्रामीण इलाकों में पशुधन की सुरक्षा और चारे-पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भी विशेष कदम उठाए गए हैं। शिक्षा विभाग को विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दवाइयों और एम्बुलेंस सेवाओं की तत्परता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। जिला कलक्टर डॉ. सोनी ने आमजन से अपील की है कि वे जलभराव और वर्षाजनित परिस्थितियों में अतिरिक्त सतर्कता बरतें। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर वे नियंत्रण कक्ष अथवा स्थानीय प्रशासन को तुरंत सूचित करें ताकि समय पर राहत पहुंचाई जा सके। साथ ही यह भी अपील की गई है कि बहते पानी की रपट अथवा पुलिया को पार न करें, बच्चों को जलभरे स्थानों और नालों के पास न जाने दें तथा जल स्रोतों से दूर रहें। किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन द्वारा स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्ष से तुरंत संपर्क किया जा सकता है। इस कक्ष के दूरभाष नंबर 0141-2204475 और 0141-2204476 हैं, जहां 24 घंटे संपर्क किया जा सकता है। जिला नियंत्रण कक्ष में प्राप्त शिकायतों पर तुरंत और प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।


## रूस पर विमान का रडार जाम करने के गंभीर आरोप

एजेंसी

**नई दिल्ली।** यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के विमान के साथ बड़ा तकनीकी हादसा टल गया। विमान जब बुल्गारिया के ऊपर से गुजर रहा था, तभी उसमें इस्तेमाल हो रही जीपीएस प्रणाली में व्यवधान आ गया। बुल्गारियाई अधिकारियों को शक है कि यह दखल रूस की ओर से की गई छेड़छाड़ थी।

एक यूरोपीय संघ (ईयू) अधिकारी ने रूस पर विमान के रडार को जाम करने के मामले में गंभीर आरोप लगाए हैं। अंतरराष्ट्रीय मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक ईयू के अधिकारी ने कहा है कि रूस ने बुल्गारिया के ऊपर गुजर रहे यूरोपीय संघ के नेता के विमान का रडार जाम कर दिया, उसे इस बात पर गंभीर संदेह है। अधिकारियों के मुताबिक, विमान को सुरक्षित तरीके से प्लोवदिव एयरपोर्ट पर उतार लिया गया। इस घटना से उड़ान में कोई नुकसान नहीं हुआ। इसके बाद वॉन डेर लेयेन ने अपनी तय यात्रा जारी रखने का फैसला किया। बता दें कि उर्सुला वॉन डेर लेयेन इन दिनों चार दिवसीय दौरे पर हैं। यह दौरा यूरोपीय संघ के उन देशों का है जो रूस और बेलारूस की सीमाओं से सटे हैं। वे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन युद्ध की लगातार आलोचना करती रही हैं। इसी वजह से माना जा रहा है कि यह घटना कोई साधारण तकनीकी गड़बड़ी नहीं बल्कि सोच-समझकर की गई कार्रवाई हो सकती है। यूरोपीय आयोग की प्रवक्ता एरियाना पोडेस्टा ने कहा, 'हम पुष्टि कर सकते हैं कि जीपीएस जामिंग हुई थी। बुल्गारियाई प्राधिकरण ने हमें बताया है कि यह रूस की सीधी दखलंदाजी का नतीजा हो सकता है।' उन्होंने आगे कहा कि यह घटना इस बात को रेखांकित करती है कि वॉन डेर लेयेन का यह दौरा कितना जरूरी और संवेदनशील है। वहीं इस घटना पर बुल्गारियाई सरकार ने भी बयान जारी कर कहा कि, 'विमान की जीपीएस नैविगेशन प्रणाली को बाधित किया गया। जब विमान प्लोवदिव हवाईअड्डे के नजदीक पहुंचा तो उपग्रह से आने वाला सिग्नल पूरी तरह से गायब हो गया।'

## मोसुल में ऐतिहासिक अल-नूरी मस्जिद का फिर हुआ उद्घाटन



एजेंसी

**नई दिल्ली।** यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के विमान के साथ बड़ा तकनीकी हादसा टल गया। विमान जब बुल्गारिया के ऊपर से गुजर रहा था, तभी उसमें इस्तेमाल हो रही जीपीएस प्रणाली में व्यवधान आ गया। बुल्गारियाई अधिकारियों को शक है कि यह दखल रूस की ओर से की गई छेड़छाड़ थी।

एक यूरोपीय संघ (ईयू) अधिकारी ने रूस पर विमान के रडार को जाम करने के मामले में गंभीर आरोप लगाए हैं। अंतरराष्ट्रीय मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक ईयू के अधिकारी ने कहा है कि रूस ने बुल्गारिया के ऊपर गुजर रहे यूरोपीय संघ के नेता के विमान का रडार जाम कर दिया, उसे इस बात पर गंभीर संदेह है। अधिकारियों के मुताबिक, विमान को सुरक्षित तरीके से प्लोवदिव एयरपोर्ट पर उतार लिया गया। इस घटना से उड़ान में कोई नुकसान नहीं हुआ। इसके बाद वॉन डेर लेयेन ने अपनी तय यात्रा जारी रखने का फैसला किया। बता दें कि उर्सुला वॉन डेर लेयेन इन दिनों चार दिवसीय दौरे पर हैं। यह दौरा यूरोपीय संघ के उन देशों का है जो रूस और बेलारूस की सीमाओं से सटे हैं। वे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन युद्ध की लगातार आलोचना करती रही हैं। इसी वजह से माना जा रहा है कि यह घटना कोई साधारण तकनीकी गड़बड़ी नहीं बल्कि सोच-समझकर की गई कार्रवाई हो सकती है। यूरोपीय आयोग की प्रवक्ता एरियाना पोडेस्टा ने कहा, 'हम पुष्टि कर सकते हैं कि जीपीएस जामिंग हुई थी। बुल्गारियाई प्राधिकरण ने हमें बताया है कि यह रूस की सीधी दखलंदाजी का नतीजा हो सकता है।' उन्होंने आगे कहा कि यह घटना इस बात को रेखांकित करती है कि वॉन डेर लेयेन का यह दौरा कितना जरूरी और संवेदनशील है। वहीं इस घटना पर बुल्गारियाई सरकार ने भी बयान जारी कर कहा कि, 'विमान की जीपीएस नैविगेशन प्रणाली को बाधित किया गया। जब विमान प्लोवदिव हवाईअड्डे के नजदीक पहुंचा तो उपग्रह से आने वाला सिग्नल पूरी तरह से गायब हो गया।'

## हमले में घायल बच्चों को गाजा से लाया जाएगा ब्रिटेन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** गाजा में जारी भीषण संघर्ष और भुखमरी के बीच ब्रिटेन ने गंभीर रूप से घायल बच्चों को इलाज के लिए यूके लाने की घोषणा की है। विदेश मंत्री डेविड लैमी ने इस्राइल पर मदद रोकने का आरोप लगाते हुए इसे मानव निर्मित अकाल बताया। इसके साथ ही ब्रिटेन ने 20 मिलियन डॉलर की अतिरिक्त मेडिकल सहायता देने और युद्धविराम की मांग की है।



आज से लगभग 22 महीने पहले इस्राइल पर हमास के हमले के साथ शुरू हुआ इस्राइल और हमास संघर्ष अब एक बड़ा और भयावह रूप ले चुका है। जैसे-जैसे ये संघर्ष बड़ा होता गया गाजा को लोगों के सामने दो बड़ी चुनौती खड़ी हो गई। सबसे बड़ी चुनौती इस्राइली सैनिकों का सैन्य अभियान और गोलीबारी तो दूसरी बड़ी चुनौती वहां भुखमरी की स्थिति का उत्पन्न होना बन गया। ऐसे में अब इस मामले में ब्रिटेन ने एक बड़ा कदम उठाया है। ब्रिटेन ने गाजा में जख्मी और गंभीर रूप से बीमार बच्चों को इलाज के लिए यूके लाने की तैयारी शुरू कर दी है। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने सोमवार को संसद में जानकारी दी कि पहले बच्चे कुछ हफ्तों में ब्रिटेन पहुंच जाएंगे।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

**एससीओ तियानजिन**

## भारत चीन की 'बेल्ट एंड रोड पहल' के खिलाफ अडिग

एजेंसी



**नई दिल्ली।** एससीओ शिखर सम्मेलन में भारत ने चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का समर्थन करने से फिर इनकार कर दिया। भारत का कहना है कि इसमें शामिल चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा उसकी संप्रभुता का उल्लंघन करता है। शिखर सम्मेलन में सभी सदस्य देशों ने विकास बैंक (डेवलपमेंट बैंक) स्थापित करने को मंजूरी दे दी। यह प्रस्ताव चीन की ओर से पेश किया गया था और लगभग दस साल की चर्चाओं के बाद इस पर सहमति बनी। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भारत ने एक बार फिर चीन की महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का समर्थन करने से इनकार कर दिया। भारत संगठन का एकमात्र ऐसा सदस्य देश रहा जिसने इस परियोजना का अनुमोदन नहीं किया। सम्मेलन के अंत में जारी घोषणा पत्र में रूस, बेलारूस, ईरान, कजाखस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान ने बीआरआई को समर्थन दिया, लेकिन भारत अपने पुराने रुख पर कायम रहा। वहीं, इस दौरान भारत समेत सभी सदस्य देशों ने विकास बैंक (डेवलपमेंट बैंक) स्थापित करने के लिए मंजूरी दे दी।

बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव पर भारत का यह विरोध नया नहीं है। इससे पहले भी भारत ने किसी भी एससीओ बैठक या शिखर सम्मेलन में बीआरआई का समर्थन नहीं किया था। चीन का यह मेगा कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट एशिया से लेकर यूरोप और अफ्रीका तक आर्थिक गलियारे बनाने की योजना रखता है। लेकिन भारत इसे अपनी संप्रभुता के खिलाफ मानता है क्योंकि इसमें चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) शामिल है, जो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) से होकर गुजरता है।

भारत की सबसे बड़ी आपत्ति यही है कि बीआरआई का एक हिस्सा पीओके से होकर गुजरता है। भारत मानता है कि यह उसकी संप्रभुता का उल्लंघन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्मेलन में स्पष्ट कहा कि कोई भी कनेक्टिविटी परियोजना अगर संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को नजरअंदाज करती है तो वह विश्वास और महत्व दोनों खो देती है। उन्होंने यह भी दोहराया कि एससीओ चार्टर के मूल सिद्धांतों में भी संप्रभुता और आपसी सम्मान को सर्वोच्च रखा गया है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बहता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड खण्डवा, निवाई टोंक (राज.) से मुदित एवं 185/ 116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888, जयपुर फोन नं. 0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास ई, टोंक मो.नं. 9414823448 अलवर कार्यालय मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर मो.नं. 7733000123, कोटा कार्यालय छावनी मेन रोड, कोटा मो.नं. 7023350734। ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार